हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 8 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

12 रोजगार दिवस पर श्रमिकों को दी गई मजदूरी और काम के समय से जुड़ी जानकारी



13 सामुदायिक भवन और शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मृतक का शिनाख्त बिहार निवासी राहुल कुमार 26 वर्ष के रुप में हुई है। घटना उतई थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड के पास की है। मृतक अपने बड़े भाई सोनू के साथ ग्राम डुंडेरा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री डुमरडीह में मजदूरी का काम करता था। मृतक राहुल के व्यवहार से फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी परेशान थे। मृतक कई बार अपने साथ काम करने वाले कर्मियों से दुर्व्यवहार किया था। कर्मियों ने जिसकी शिकायत फैक्ट्री मालिक से किया। फिर भाई सोनू को काम से निकाल दिया था। सोनू वापस अपने गांव बिहार लौट गया। लेकिन राहुल उतई में ही रहकर काम करता था। 5 नवंबर की रात राहुल अपने कमरे में नशा कर रहा था। तभी पाण्डेय प्लाईवुड फैक्ट्री डुमरडीह के कुछ कर्मी पहुंच गए। उनके मध्य विवाद हो गया, देखते ही देखते कर्मियों और राहुल के बीच मारपीट शुरु हो गया। आरोपी प्रतापगढ़ राज्य यूपी हाल ही में पाण्डेय प्लाईवुड फैक्ट्री डुमरडीह निवासी अटल पाण्डेय उर्फ प्रदीप पाण्डेय, ग्राम बौओडई थाना जिगना जिला मिर्जापुर यूपी हाल हाल ही में डुमरडीह अंजनी सिंह, गोलबाजार जिला गोरखपुर यूपी डुमरडीह अमरनाथ प्रजापति, ग्राम खोहर थाना बरगढ़ जिला चित्रकुट यूपी डुमरडीह राहुल सिंह, ग्राम भुवापुर पंडारका जिला पटना बिहार हाल ही में डुमरडीह अक्षय कुमार यादव ने युवक की हत्या कर मौके से फरार हो गए।

### ई-रिक्शा पलटने से युवती की मौत

**भिलाई।** वाईशेप ब्रिज में ई-रिक्शा पलटने से एक युवती की मौत हो गई। युवती की मां भी घटना में गंभीर रुप से घायल है। ई रिक्शा चालक को स्मृति नगर पुलिस नहीं पकड़ पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक मालवीय नगर दुर्ग निवासी नेहा 18 वर्ष अपनी मां उषा के साथ मॉडल टाउन की ओर से आ रही थी। ई-रिक्शा ब्रिज के बटालियन रोड के पास पहुंची थी। तभी अचानक बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में नेहा रिक्शा के नीचे दब गई। जिससे उसकी सिर पर गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# तीन साल में 1340 से ज्यादा ने की आत्महत्या, नशे की वजह से 51 मानसिक तनाव में रहकर 21 और अवसाद में गए 23 ने गंवाई जान

**दुर्ग पुलिस की रिपोर्ट में खुलासा, सबसे ज्यादा मौतें पारिवारिक झगड़े की वजह से, मानसिक तनाव भी बड़ा कारण**

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

अलग खबर

आत्महत्या के मामलों में पुलिस की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पिछले करीब 3 साल में 1340 ने अलग-अलग कारणों से आत्महत्या की है। इन तीन सालों में 934 ऐसे मामले हैं, जिनमें पुलिस को कारणों का ही पता नहीं चल पाया। लोगों ने बिना ज्ञात कारणों के खुदकुशी की। इसके अलावा पारिवारिक झगड़ों से तंग आकर 181 महिला और पुरुषों ने अपनी जान दे दी।

बता दें कि पिछले कुछ सालों में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़े हैं। नशे भी एक बड़ा कारण बनकर सामने आया है। जिले में तीन सालों में मानसिक रोग, नशा और अवसाद की वजह से 95 लोगों ने जान गंवाई। यह पिछले कुछ वर्षों में दुगुने से ज्यादा है। इतना ही नहीं आत्महत्या के मामलों में जनवरी से अब तक यानी नवंबर महीने की स्थिति में 350 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में यह पूरा खुलासा हुआ है। इस प्रकार आत्महत्या के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। इसे रोकने को लेकर किसी प्रकार के प्रयास नहीं हो रहे हैं। अवेयरनेस कैम्प के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

### स्वास्थ्यगत कारणों ने 65 से ज्यादा लोगों ने की खुदकुशी

पुलिस विभाग के रिकार्ड के मुताबिक 65 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्यगत कारणों ने खुदकुशी की है। रिपोर्ट की मानें तो तीन साल में पारिवारिक झगड़ों की वजह से 181, आर्थिक तंगी से 61, नशे की वजह से 51, मानसिक रोगी 21, अवसाद समें रहकर 23, प्रेम प्रसंग के चलते 4 और अज्ञात कारणों से 934 लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों के आने के बाद से आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता बढ़ गई है। घरेलू विवाद में आत्महत्या अटेम करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। युवाओं में सोशल मीडिया, फिल्मों और एग्रेसिव गेम्स की वजह से सहनशीलता में कमी आई है। यह भी आत्महत्या की एक वजह के रूप में सामने आया है।

### सोशल मीडिया और एग्रेसिव गेम्स भी बन रहे वजह, अवेयरनेस जरूरी

विशेषज्ञों की मानें तो युवाओं में भी आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह सोशल मीडिया में परोसा जा रहा अनर्गल कंटेन्ट हैं, जो उन्हें आत्महत्या की ओर ढकेल रहा है। इसके अलावा कुछ एग्रेसिव फाइटर गेम्स भी हैं, जिसकी वजह से युवाओं में तनाव बढ़ता है। इस तनाव को वे सहन नहीं कर पा रहे हैं, और आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। ऐसे मामलों को समझने के लिए परिजनों की जिम्मेदारी सबसे अहम हैं। उन्हें अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए। उनमें होने वाले बदलाव को समझकर विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए। बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। कम से कम दो से 5 घंटे का समय अपने बच्चों पर देना चाहिए।

### एक्सपर्ट : आत्महत्या के 70% मामलों में नशा ही वजह



मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रमोद गुप्ता ने बताया कि यह बात सही हैं कि नशे की वजह से आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। इसे लेकर पंजाब में एक बड़ा कैम्पेन चलाया गया, प्रहरी नाम से इसे शुरू किया गया। इसी प्रकार का इवेंट एब्रॉड सहित विदेशों में कई अन्य जगहों पर भी चलाया गया। इसमें कॉलोनियों और अन्य जगहों पर ग्रुप बनाकर युवाओं को स्पोर्ट्स से जोड़ा गया। उन्हें बिजी रखा गया, उनमें सहने की प्रवृत्ति डेवलप की गई। लड़ने की प्रवृत्ति बढ़ाई गई। ताकि वे हार से निराश न हों, नशा खाली रहने पर ज्यादा दिक्कत करता है। इसलिए बिजी रखना सिखाया गया। लगातार फिजिकल एक्टिविटी कराई जाती है। फैमिली और दोस्तों के साथ समय बिताने के सुझाव दिए जाते हैं। आध्यात्म, मेडिटेशन के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। कुछ इस प्रकार का प्रयोग हमारे यहां भी किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि किसी व्यक्ति का अचानक से व्यवहार बदल जाए। वह गुमसुम रहने लगे। नशा करने लगे, तो परिजनों को अलर्ट हो जाना चाहिए। यह बदलाव खतरनाक हो सकता है। ऐसे समय में बच्चों की काउंसिलिंग आवश्यक हो जाती है।

### की जाती है लोगों की काउंसिलिंग



संवादहीनता, सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग, पारिवारिक संबंधों में तनाव, परिवार में अवसाद होने पर एक दूसरे को कोई बात नहीं बता पाने से भी लोग तनाव में चले जाते हैं। यह भी आत्महत्या के बड़े कारण हैं। पुलिस जागरूक करने समय-समय पर काउंसिलिंग करती है। तनाव कभी ना लें समस्या को एक दूसरे से शेयर करें।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

## पिछले सप्ताह लगातार बारिश की वजह से किसानों को रोकनी पड़ी थी कटाई

# मौसम खुलने से अरली वैराइटी के धान कटाई में आई तेजी, 15 से होगी खरीदी

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। इन दिनों से मौसम खुलने के बाद किसानों को काफी राहत पहुंची है। अरली वेरायटी की धान कटाई में तेजी आई है। प्रदेश सरकार 15 नवंबर से धान खरीदी करने जा रही है इसलिए अब किसानों के पास केवल 8 दिन का समय शेष है। ऐसी स्थिति में खेत से धान की फसल काटकर खलिहान तक लाना और मिंजाई करना है। फिर सूखाकर उसे धान खरीदी केंद्र के मापदंडों के अनुरूप लाना एक चुनौती है।*

### जिले में 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगी है धान की फसल



कृषि विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले के 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल लगाई गई है। जिसमें से करीब 30 फीसदी फसल अरली वेरायटी की फसल है। जिसकी कटाई होनी है। यही धान सबसे पहले धान खरीदी केंद्रों में पहुंचेगी। जिला प्रशासन ने सहकारी सोसायटियों में धान खरीदी केंद्र बनाए हैं। जहां चबूतरे निर्माण, बारदाना सहित अन्य तैयारी करने की हिदायत दी गई है। प्रशासन नाप तौल सहित अन्य जरूरी संसाधान जुटाए हैं।

### समय कम इसलिए हार्वेस्टर की डिमांड

धान की फसल की कटाई और मिंजाई खेतों में ही एक साथ हो जाए इसके लिए भी किसान जुट गए हैं। किसान बताते हैं कि हार्वेस्टर से ही दोनों की काम हो सकते हैं। धान भी तत्काल बोरे में भरे जा सकते हैं। इसलिए किसानों का रूख मैनपावर के बजाय हार्वेस्टर की तरफ है। इससे समय की भी बचत होगी और प्रदेश सरकार के धान खरीदी समय पर धान बेच पाएंगे। किसान इसके लिए आसपास के गावों में हार्वेस्टर बुक करवा रहे हैं। दीगर राज्यों से भी हार्वेस्टर यहां आने लगे हैं।

### नई प्राथमिक समितियों में भी खरीदी की तैयारी

दुर्ग जिले में वर्तमान में 81 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी है। इनमें 31 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जुड़ जाएंगे। इस तरह इस बार 118 सहकारी सोसायटी हो जाएगी जो धान उपार्जन केंद्र के रूप में तब्दील की जाएगी। जिससे किसानों को अपने नजदीक सोसायटी में जाकर धान बेच सकेंगे। बालोद जिले में वर्तमान में 122 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी हैं। इनमें अब 23 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जोड़े गए हैं। इस तरह इस बार बालोद जिले में 145 सहकारी सोसायटी के माध्यम से धान खरीदी होगी। ये सभी धान उपार्जन केंद्र के रूप में तब्दील किए जाएंगे। जिससे किसानों की सुविधाएं बढ़ाई जा सके। बेमेतरा जिले के अंतर्गत वर्तमान में 102 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी हैं। इस बार इन सोसायटियों का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठन के बाद इस जिले में 38 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जुड़ जाएगी। यानी अब इस बार इस जिले में 140 सहकारी सोसायटी से धान खरीदी होगी।

### कटाई में आई तेजी

“ मौसम खुलने की वजह से अरली वेरायटी धान फसल की कटाई किसान तेजी से करने लगे हैं। इसलिए कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। किसानों के पास समय कम है। प्रशासन ने खरीदी की पूरी तैयारी कर ली है।

-संदीप भोई, उपसंचालक कृषि

# स्कूल के सीवरेज का पानी सड़क पर, प्राचार्य को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शंकराचार्य स्कूल के सामने रोड का अवलोकन किए। स्कूल के सिवरेज का पानी सड़क पर हमेशा बहता रहता है, जिसके कारण आम नागरिको को आवागमन में परेशानी होती है। लिकेज सिवरेज को ठीक कराने स्कूल के प्राचार्य को नोटिस देने जोन आयुक्त को निर्देशित किये है। आयुक्त द्वारा सेक्टर 09 हास्पिटल के समीप मानव सेवा परिसर तालाबवार्ड 69 सड़क 9-10 उद्यान का अवलोकन कर उद्यान परिसर के घॉस की कटाई करने, टूटे झूले का संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये है। विभिन्न उद्यानों का नामकरण किया जाना है, जिसके लिए महापौर परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखने संबंधित चर्चा की गई। जोन 5 के अंतर्गत निर्माणाधीन मंगल भवन, सड़क 9-10 उद्यान का आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण किया। निगम आयुक्त के साथ एवं महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी ने वार्ड क्रं. 70 में निर्माणाधीन मंगल भवन का निरीक्षण में शामिल रहे। मंगल भवन का कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है, आंतरिक निर्माण एवं रंगरोगन कार्य लगभग पूर्णता पर है। मंगल भवन परिसर में लॉन एवं पार्किंग के कार्य हेतु प्रस्ताव स्वीकृति के प्रत्याशा में निविदा करने का निर्देश जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को दिये है। लॉन एवं पार्किंग स्थल के निर्माण से भवन में विवाह समारोह, जन्म दिवस एवं अन्य मांगलिक कार्य किये जा सकेंगे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे उपस्थित रहे।

बिना दर्द दांतों का संपूर्ण ईलाज
फिक्स बत्तीसी लगाना, इम्पलांट द्वारा




दांतो का पीलापन दूर करना एवं लेजर फिलिंग




हर उम्र के टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का ईलाज सिर्फ 3 दिनों में




› हिलते हुए दांतों को ठीक करना › दांतों के बीच गैप बंद करना
› फिक्स दांत लगाना › सिंगल सिटिंग रूट केनाल ट्रीटमेंट
› मसूड़ो से खून निकलने एवं बदबू का ईलाज (पायरिया)
› दांतों में तार लगाना › सड़े हुए दांतों का इलाज
› मुँह के कम खुलने का ईलाज।

Arham Dental Care (GROUP OF MDS)
Dr. Nilesh Jain RCT Specialist | Dr. Sonal Golchha Jain Implant Specialist
समय :- सुबह 11 से 2, शाम 5 से 9 बजे तक | रविवार सुबह 11 से 2 बजे तक
बाबा रामदेव मंदिर के पास, गंजपारा, दुर्ग
फोन नं.: 7000537010


## मौसम में आए बदलाव से सर्द मौसम दे रहा दस्तक

# उत्तर से आ रही ठंडी हवा, तापमान में आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इन दिनों सर्द मौसम की शुरूआत होने लगी है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है।

इसके कारण अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास गिरावट होने की संभावना है। हाल यह है कि अलसुबह और शाम होते की ठंडी हवाएं चलने लगी है। लोगों को अब ठंड का एहसास होने लगा है।



### सर्दी, खांसी से घिरने लगे लोग

मौसम के इस परिवर्तन ने लोगों को संक्रामक बीमारियों तरफ भी ढ़केल दिया है। ज्यादातर लोगों में सर्दी और खांसी दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित प्राइवेट क्लीनिकों में सर्दी और खांसी पीड़ित लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के हिसाब से लोगों को अलसुबह और रात को गर्म कपड़े पहनकर इस मौसम से बचने के उपाय करने चाहिए। जिससे सर्दी, खांसी जैसी बीमारी से बचा जा सके।

### आर्द्रता सुबह 79 और शाम को 60 पहुंची

मौसम में आए बदलाव से आर्द्रता में भी परिवर्तन आया है। अलसुबह 5.30 बजे वातावरण में आर्द्रता 79 तक होती है और शाम 5.30 बजे आर्द्रता 60 तक आ जाती है। इस तरह की आर्द्रता होने की वजह से लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। रात 8 बजे के बाद यह और भी कम हो जाती है। सर्द हवाएं तेज हो जाती है।

### न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस आया

मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। शुक्रवार को दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से दुर्ग सहित प्रदेश में 8 नवंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### गर्म कपड़ों का सजा बाजार, पहुंचे तिब्बती

मौसम में आ रहे बदलाव के बाद ट्विनसिटी में गर्म कपड़ों का बाजार भी सज गया है। सिविक सेंटर, सेक्टर 6 जामा मस्जिद रोड, रिसाली, सुपेला, दुर्ग राजेंद्र पार्क रोड, पॉलिटेक्नीक कॉलेज रोड , स्टेशन रोड आदि जगहों पर गर्म कपड़े बेचने वालों ने स्टॉल लगा लिया है। पिछले दो दिनों से ठंडी की स्थिति बनी है और लोग रात को वाहन चलाने के दौरान जैकेट, स्वेटर , शॉल में नजर आने लगे हैं।

# शहर में 35 से ज्यादा पार्क, ज्यादातर दिन में रहते हैं बंद, फाउंटेन बना शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में करीब 30 से 35 छोटे-बड़े पार्क हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर की हालत खराब है। कुछ उद्यानों को छोड़ बाकी जगह साफ-सफाई का नामोनिशान नहीं है। झूले जंग खा चुके हैं, बेंच टूटे पड़े हैं और घास की जगह झाड़ियां उग आई हैं। वहीं कई पार्कों के फाउंटेन भी बंद पड़ा है।

सबसे हैरानी की बात ये है कि कई पार्कों को वीआईपी कैटेगरी में रखा गया है। इन जगहों पर आम नागरिकों का प्रवेश लगभग बंद है। गेट पर हमेशा ताला लटका रहता है। ये ताले सिर्फ तब खुलते हैं जब कोई बड़ा आयोजन हो या किसी नेता का कार्यक्रम तय हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम ने इन पार्कों पर लाखों रुपये खर्च कर रखरखाव का दावा किया, लेकिन हकीकत उलट है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए बने ये पार्क अब दिखावे की जगह बनकर रह गए हैं।

**राजेंद्र पार्क, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क अनदेखी का शिकार, कातुलबोड़ पार्क में लगा रहता है ताला**










## दादा-दादी पार्क और रानी लक्ष्मीबाई उद्यान में लगा रहता है ताला



शहर के प्रमुख उद्यानों की हालत देखकर लगता है जैसे नगर निगम ने रखरखाव से हाथ खींच लिया हो। राजेन्द्र पार्क चौक के पास स्थित नाना-नानी पार्क और कातुलबोड़ का रानी लक्ष्मीबाई उद्यान बंद रहते हैं। दोनों जगह गेट पर ताला लटका रहता है, जिससे आसपास के लोग और बच्चे अंदर नहीं जा पाते। रानी लक्ष्मीबाई उद्यान में सफाई की भारी कमी है। चारों ओर झाड़ियां फैल गई हैं और दीवारों पर बनी पेंटिंग भी अब धुंधली पड़ चुकी हैं। कभी आकर्षण का केंद्र रहे ये उद्यान अब वीरान नजर आते हैं। राजेन्द्र पार्क का फाउंटेन भी लंबे समय से बंद पड़ा है। मुख्य द्वार के पास स्थित हाथी में भी क्रेक पड़ गया है। हालांकि राजेन्द्र पार्क में सफाई का काम शुरू हुआ है और घास काटी जा रही है। बताया गया है कि कटी हुई घास को पुलगांव स्थित गौशाला भेजा जा रहा है।

### सुबह 10 बजे के बाद लगा देते हैं ताला

दुर्ग में तीन बड़े उद्यान दादा-दादी पार्क, राजेन्द्र पार्क और शिक्षक नगर का पार्क जहां लोगों का काफी आना जाना रहता है। वहीं अमृत मिशन के तहत 8 गार्डन है। इसके अलावा कई वार्डों में भी पार्क बने हुए है। दादा-दादी और राजेन्द्र पार्क सुबह 5 बजे से 9 बजे और शाम 5 से रात 8 बजे तक खुला रहता है। सुबह 10 बजे के बाद ताला लगा दिया जाता है। -**अनिल सिंह,** प्रभारी उद्यानिकी विभाग नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर दौड़ रही हैं कंडम गाड़ियां

**भिलाई।** शहर की सड़कों पर जर्जर और कंडम वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। इन गाड़ियों से निकलता काला धुआं लोगों की सांसें रोक रहा है। प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन कार्रवाई का नाम नहीं। जिले के सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहती है, फिर भी ऐसे वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही। दोपहिया से लेकर मालवाहक तक कई वाहन नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई ट्रक और बसों से इतना धुआं निकलता है कि पीछे चल रहे वाहन चालकों को रास्ता तक दिखाई नहीं देता। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण विभाग और ट्रैफिक पुलिस पर कई सवाल खड़े होते है।

### 4 महीने बाद सड़कों में बीटी पैच एवं रिपेयर का काम शुरू



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बीटी पैच एवं रिपेयर कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त कार्य हेतु शासन द्वारा 736.60 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्य सम्पादन हेतु एजेंसी निर्धारित कर लिया गया है। एजेंसी द्वारा 3 नवंबर से कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया मार्ग, दुर्ग-जालबांधा मार्ग, मालवीय नगर चौक से जेल तिराहा मार्ग, पचपेड़ी-महकाकला मार्ग तथा परसाही-धौंराभांठा मार्ग में बी.टी. पैच का कार्य प्रारंभ किया गया है। उक्त कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### पीएम आवास : 11 हितग्राहियों की निकली लॉटरी



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के तहत चार प्रमुख क्षेत्रों गणपति विहार, सरस्वती नगर, गोकुल नगर एवं मां कर्मा में निर्मित आवासों को शीघ्र आवंटित करने की प्रक्रिया जारी है। आकर्षक डिज़ाइन और कम कीमत में शहर के भीतर बने ये मकान नागरिकों के बीच खासा उत्साह पैदा कर रहे हैं। इन स्थलों पर हितग्राहियों द्वारा निरंतर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। आवेदकों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। इसी क्रम में महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य, पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में कुल 11 हितग्राहियों की लॉटरी निकाली। गणपति विहार से 3, गोकुल नगर से 3, सरस्वती नगर से 3 और मां कर्मा साइट से 2 हितग्राही शामिल हैं। चयनित हितग्राहियों ने योजना की प्रथम किश्त राशि पहले ही जमा कर दी थी।

**सम्मान : पुराना बस स्टैंड में आयोजित समारोह में मंत्री नेताम ने कहा**

# राष्ट्रगीत वंदेमातरम को 150 साल पूरे, इसे गाकर हमारे क्रांतिकारी हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग/ भिलाई

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गीत को सामूहिक रूप गाकर इसे सम्मानित किया गया। पुराना बस स्टैंड में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंत्री राम विचार नेता प्रमुख रूप से शामिल हुए।

इसके अलावा दुर्ग, भिलाई, भिलाई-चरोदा निगम, जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट, स्कूलों सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में राष्ट्रीय गीत गाया गया। पुराना बस स्टैंड में संभाग स्तरीय कार्यक्रम कृषि मंत्री रामविचार नेताम के अलावा, रंजना साहू प्रदेश सहसंयोजक, मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।नेताम ने कहा कि देश के दीवानों ने वंदे मातरम गीत गाते गाते अपने प्राणों का बलिदान दिया। हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए। मातृभूमि की वंदना इससे अच्छी नहीं हो सकती। संविधान लागू होने के बाद 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया। रंजना साहू ने कहा कि यह गीत 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा था। वंदे मातरम स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख नारा बना और बाल गंगाधर तिलक लाला लाजपत राय और भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों का प्रेरणा स्त्रोत रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू विधायक, राकेश पांडेय, रमशीला साहू, जागेश्वर साहू आदि मौजूद थे। जिले के सभी निकायों, जनपद, पंचायतों, स्कूलों में भी राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया।

## सरकारी दफ्तरों में भी किया गया वाचन



### भिलाई निगम सभागार में राष्ट्रगीत का वाचन

**भिलाई।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष एवं जोन कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाईव प्रसारण के माध्यम से वंदे मातरम का उत्साहपूर्वक गायन किया गया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम केवल एक गीत ही नहीं। यह भारत की आत्मा एवं एकता का प्रतीक है। सभी भारतीय नागरिकों को इसका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा एवं अन्य अधिकारी सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### दुर्ग निगम में किया पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण

मोतीलाल वोरा सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का प्रसारण किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। देशभर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रातः 10 बजे किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से एक स्वर में वंदे मातरम् का नारा लगाने का आह्वान किया, जिसके साथ ही पूरे देश में देशभक्ति की भावना से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, ललित ढीमर, गोविंद देवांगन, सुरुचि उमरे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, गिरीश दीवान आदि मौजूद थे।



### कल्याण कॉलेज में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन



सेक्टर-7 भिलाई स्थित कल्याण कॉलेज के प्रमुख सभागार में सभी संकायों के अध्यक्ष, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थियों के द्वारा भारत की राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। शुक्रवार को राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं जयंती के अवसर पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा एवं सभी संकाय के संकायाध्यक्ष, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिर्बन चौधरी एवं सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत के बारे में प्राचार्य द्वारा बताया गया एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए सभी को अभीप्रेरित किया गया।

# रोजगार दिवस पर श्रमिकों को दी गई मजदूरी और काम के समय से जुड़ी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं उन्हें योजना की सभी जानकारियों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीण श्रमिकों को जॉब कार्ड की महत्ता, मजदूरी दर, कार्य की प्रकृति, समय पर भुगतान, तथा श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर जॉब कार्ड का नवीनीकरण एवं वितरण, पात्र श्रमिकों का पंजीयन, कार्य की जानकारी एवं सुझाव संग्रह, योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु फीडबैक लिया गया।

- गुड गवर्नेस पर दिया गया प्रशिक्षण

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रमिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मनरेगा में पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर गुड गवर्नेंस से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत होने वाले निर्माण कार्य पारदर्शी रूप से प्रदर्शित किए जा सकें।

उन्होंने बताया कि अब क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ग्रामीण सीधे योजनाओं की निगरानी कर सकेंगे। सितंबर माह तक पंचायत भवनों में क्यूआर कोड चस्पा किए जाएंगे, जिससे कोई भी नागरिक अपने मोबाइल से स्कैन करके पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्य, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या एवं सृजित मानव दिवसों की जानकारी तत्काल प्राप्त कर सकेगा।

# हाईकोर्ट के फैसले से खुला रास्ता, अब स्कूल शिक्षा विभाग के 1478 पदोन्नत प्राचार्यों की होगी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार स्कूल शिक्षा विभाग के 1478 पदोन्नत प्राचार्यों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। बिलासपुर हाई कोर्ट ने शासन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पदोन्नति पर लगी रोक हटा दी है।

उल्लेखनीय है कि विभाग ने 30 अप्रैल 2025 को माध्यमिक विद्यालयों के व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति दी थी, लेकिन एक व्याख्याता द्वारा दायर याचिका के बाद हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी कर प्रक्रिया पर स्थगन लगा दिया था। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई थी। कोर्ट ने 6 अक्टूबर को फैसला सुनाते हुए याचिकाकर्ता की याचिका खारिज कर दी और शासन के पक्ष में निर्णय दिया। इससे प्रदेशभर में अटकी प्राचार्य पदस्थापना प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है।

छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के पदाधिकारी अनिल शुक्ला, राकेश शर्मा, आरके झा, श्याम कुमार वर्मा और मलखम वर्मा ने शासन के समर्थन में इंटरवीनर याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि देर से ही सही, पर सत्य की जीत हुई। फोरम ने अब स्कूल शिक्षा मंत्री, सचिव और लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है कि काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द पूरी कर पदस्थापना आदेश जारी किए जाएं ताकि प्रदेशभर के स्कूलों में प्राचार्य पद रिक्त न रहें।

# टैक्स जमा नहीं, बकायादारों के नल कनेक्शन काटे जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव के नेतृत्व में राजस्व अमला ने जलकर एवं संपत्तिकर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को नल काटने की कार्रवाई की। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटे। राजस्व अधिकारी ने बताया कि 60294 रुपए बकाया होने के कारण नीलिमा मसीह का कनेक्शन काटा गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्रवाई की जाए। निगम की सख्ती को देखते हुए करदाताओं ने 5 करदाताओं रफीक खान 9314 रूपए, तबरेज खान 50779, जलील अहमद 26363, कल्पना प्रसाद 28227, 30229 रुपए जमा किया। कुल 144912 रुपए निगम के खाते में जमा किया गया। कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक लक्ष्य गोईर, पवन नायक, तिलक नवरंग, नितिन श्रीवास, शिवेंद्र साहू एवं नल विभाग से भारत यादव उपस्थित रहे।



**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// सूचना //**
रा.प्र.क्र. 202203130700082 / 1302 / Rxm
वर्ष 2024-25 जारी दिनांक 16.10.2025
सुनवाई दिनांक 13.11.2025
**केजूराम देवांगन ........पुनरीक्षणकर्ता**
**विरूध्द**
**बबिता बख्तियार वगै. .....उत्तरवादीगण**
उपसंजात होने वाले व्यक्ति का नाम व पता :- बबिता बख्तियार पति प्रकाश बख्तियार निवासी कंवर नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग
पुनरीक्षणकर्ता केजुराम देवांगन पिता दुकालूराम देवांगन के आम मुख्यायर कुलेश्वर देवांगन पिता केजूराम देवांगन निवासी सोरिद नगर धमतरी, तहसील एवं जिला धमतरी द्वारा न्यायालय तहसीलदार धमतरी के रा.प्र.क्र. 202203130700082/ अ-12 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 25.03.2022 के विरूध्द इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 50 छ.ग. भू-राजस्व संहिता प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण क्र. 202203130700082/1302/ Rxm वर्ष 2024-25 दर्ज होकर विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 13.11.2025 नियत है जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 बबिता बख्तियार पति प्रकाश बख्तियार निवासी कंवर नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग की इस न्यायालय में उपस्थिति हेतु उपसंजात होने के लिए आम सूचना जारी किया जाता है ।
इस न्यायालय में आप स्वयं अधिवक्ता अथवा प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस पुनरीक्षण याचिका से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। यदि आप सुनवाई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो वाद प्रकरण की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा एवं सुनवाई तिथि के पश्चात आपको सुनवाई का कोई अवसर नहीं दिया जावेगा ।
आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया ।
मुहर
अपर कलेक्टर
जिला धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**
**//सूचना//**
मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक-166/अ-5/वर्ष 2023-24
पक्षकार - शिवकुमार मौर्या विरुद्ध मानव सेन वगैरह
मानव सेन पिता स्व. संतोष कुमार सेन
निवासी-जहाज बिल्डिंग के पास
रामनगर सुपेला भिलाई
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी शिवकुमार मौर्या पिता रामनारायण मौर्या निवासी वार्ड क्र. 8 कुरूद रोड कोहका तह. व जिला- दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग के रा. प्र. क्र. 202103101000068 अ-5 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 23.01.2023 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा-44 (1) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।
उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 04.12.2025 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।
अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
जारी दिनांक: 16.10.2025
आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उतई महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र संघ का गठन

**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की बैठक आयोजित की गई। भूतपूर्व छात्र संघ के प्रभारी डॉ ए के श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम संघ के गठन के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्रारंभ होने के बाद पहली बार भूतपूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष-सतीश पारख ,उपाध्यक्ष-नरेंद्र साहू ,सचिव-सुरेंद्र शर्मा, सहसचिव-उमाकांत चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष-लक्ष्मी नारायण साहू के नाम को प्रस्तावित और अनुमोदित किया गया। कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए रमेश कुमार देवांगन, अशोक साहू, युगल किशोर साहू, विजय चंद्राकर, गजेंद्र कांकडे, मोहित साहू, शोभेन्द्र सिंह सोनू, पूनम चंद सपहा, कमल नारायण एवं निकलेस बंजारे का नाम मनोनीत किया गया। प्राचार्य डॉ शुभा शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के सभी भूतपूर्व छात्र संगठित एवं एकजुट होकर महाविद्यालय के विकास के लिए अपने दायित्व का निर्वहन करें।

### योग शिक्षक मिलन एवं जिला बैठक कल

**भिलाई।** पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग के तत्वावधान में "योग शिक्षक मिलन समारोह एवं जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन 9 नवम्बर रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पतंजलि गौशाला, कोहका, भिलाई में किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करना, संगठन के आगामी कार्यों की दिशा तय करना तथा योग प्रचार-प्रसार को और अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से होगा। इसके पश्चात सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण परिणाम की घोषणा तथा नव प्रशिक्षित योग शिक्षकों की यौगिक प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। सत्र के दौरान संगठन के आगामी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा होगी तथा हरिद्वार में 5 दिसम्बर को स्वामी रामदेव महाराज के सान्निध्य में प्रारंभ होने वाले मूख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी दी जाएगी। पतंजलि योग समिति, दुर्ग ने जिले के सभी योग शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं योग प्रेमियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वस्थ एवं समृद्ध भारत निर्माण के संकल्प में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### पाटन दशहरा मैदान में भागवत कथा शुरू

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन अंतर्गत दशहरा मैदान अखरा में 7 दिवसीय भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप द्वारा अपनी पत्नी स्व. मीना कश्यप की पुण्य स्मृति में हो रहे इस ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर/देवभोग जिला-गरियाबंद वाले के मुखारविंद से कथा रसपान हो रहा है। कथा दशहरा मैदान अखरा (पाटन) में जारी है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## नगर प्रशासन की लापरवाही पर उठाए सवाल, तुरंत सफाई की मांग

# धमधा में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, मुख्य मार्ग की नालियां गंदगी से अटी और पाइप भी फटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

### पार्षद रमन लाल यादव ने जताई नाराजगी





धमधा नगर की मुख्य सड़कों की नालियाँ गंदगी और पानी से लबालब भरी पड़ी हैं तो कही जाम है इसी समस्या को लेकर नगर के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद रमनलाल यादव ने नगर परिषद प्रशासन को पत्र लिखकर तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

पार्षद रमन लाल यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि शहर की गंदगी और बरसाती पानी की निकासी का प्रमुख मार्ग पूरी तरह जाम पड़ा हुआ है, जिससे नालियों का पानी सड़कों पर फैलकर बदबू और गंदगी फैला रहा है। नागरिकों को रोज़ाना इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर पालिका के अधिकारी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहे, जिसके कारण पूरे नगर में अस्वच्छता फैल रही है। साथ ही, अधिकारियों द्वारा निगरानी न किए जाने की बात भी पत्र में लिखी गई है। पार्षद यादव ने आगे कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जांच नहीं कर रहे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई इलाकों



में नालियों से पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों को दुर्गंध व मच्छरों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कलेक्टर दुर्ग से जनदर्शन के माध्यम से इस बात की शिकायत की और नगर प्रशासन से निवेदन किया है कि धमधा नगर के मुख्य मार्ग दुर्ग तक की दोनों किनारों की नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएँ, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके। वही श्री यादव ने बताया कि आए दिन प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में तालाबों की गंदगी और नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर जो खबरें प्रकाशित हो रही हैं, वे पूरी तरह सत्य हैं। पूरा नगर गंदगी से बदहाल है। वर्तमान प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को कुछ हद तक शुरू किया है, यह सराहनीय कदम है, परंतु यह अभियान लगातार जारी रहना चाहिए, तभी नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रह पाएगी।

यदि सफाई नियमित रूप से नहीं हुई तो आने वाले समय में हैजा, मलेरिया, डायरिया जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। और इसके जिम्मेदार केवल एसी तुम में बैठकर योजना बनाने वाले अधिकारी रहेंगे।

## जामगांव आर कॉलेज में जनजातीय गौरव का इतिहास विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में जनजातीय गौरव का इतिहास विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही के समाजशास्त्र विषय के प्रोफेसर डॉ



डी एस सहारे तथा शासकीय महाविद्यालय उतई के सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश मिंज ने इस विषय पर अपने विचार विस्तृत रूप से रखे। डॉ सहारे ने हलबा और गोंड सहित विभिन्न जनजातियों के छत्तीसगढ़ राज्य में उनके द्वारा देश की स्वतंत्रता में किए योगदान को साझा किया। बस्तर क्षेत्र में मौजूद विभिन्न प्रजातियों , उनकी संस्कृति, सभ्यता को समझाया। उन्होंने हल्बा विद्रोह, डोंगर क्षेत्र के सामाजिक और देश के विकास में सहयोग को समझाते हुए उनकी समस्याओं को प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

## स्कूल में बच्चों को बताए गुरुनानक देव के प्रेरक संदेश, प्रतियोगिताएं भी हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में बुधवार को गुरुनानक देव के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध, कविता, रंगोली और वेशभूषा आदि स्पर्धा समारोह पूर्वक आयोजित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र मिश्रा थे। अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने की। विशेष अतिथि संस्थान के दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू मंचासीन रहे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में सिख धर्म का एक भी अनुयायी विद्यालय में नहीं है किन्तु विद्यालय पिछले अनेकों वर्षों से प्रकाश पर्व समारोह आयोजित कर विधार्थियो को गुरुनानक देव के जीवन दर्शन से अवगत कराते हुए नैतिक संस्कारित मूल्य आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करते है। प्राचार्य पीएल बारले पवन बंछोर ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र मिश्रा ने कहा कि संत सर्व मानव और प्राणी जगत के कल्याण के भाव के साथ आत्मकल्याण के पथ पर आगे बढ़ते है। गुरुनानक देव का सिद्धांत मानव को मानवता के दायरे में सरलता के साथ जीना सिखाता है। संस्थान के दुर्ग विभाग समन्वयक हरीश चन्द साहू ने कहा गुरुनानक देव ने सरल जीवन को सुंदर जीवन बताते हुए कहा था कि सरलता में ही मानवता वास करती है और मानव जीवन इस सृष्टि का दुर्लभ उपहार है।

विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि गुरुनानक देव सर्व मानव समाज को जीवन को जीने के लिए जो मार्ग दिखाए आज उस पर चलने की सख्त आवश्यकता है। इस अवसर पर हाथेश्वर साहू, शशि यादव, दिव्या चंद्राकर, परमानंद टंडन, डामिन साहू, दीपिका, प्रीति साहू, सुनीता सेन और कविता साव सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।संचालन दिव्या चंद्राकर ने किया।

## प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के साथ धोखा : राकेश हिरवानी

**उतई।** प्रधानमंत्री आवास को लेकर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने कहा मोदी की गारंटी और 18 लाख आवास के नाम से वोट मांगने वाली भाजपा सरकार आज दुर्ग ब्लांक के प्रधानमंत्री आवास प्लस से लगभग 1000 परिवारो को अपात्र बताकर वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कई ऐसे परिवार हैं जिनका मकान जर्जर है। भूमिहीन गरीब परिवार हैं इन्हें किस आधार पर वंचित किया जा रहा है इन्हें कौन अपात्र घोषित किया है यह कोई नहीं बता पा रहा है। हितग्राही अपना विरोध जताने कार्यालय तक पहुंचते हैं तो उन्हें अधिकारियों द्वारा सरपंच या वहां के पंचायत कर्मचारी द्वारा अपात्र किया गया है कह दिया जाता है। जिससे ग्रामीण जन का पंचायत प्रतिनिधि व कर्मचारियों के साथ आपसी तकरार कि स्थिति पैदा हो रही है। पंचायत से बिना प्रस्ताव व बिना जानकारी दिये हितग्राहियों का नाम अपात्र किया जाना बिल्कुल गलत है। आवास प्लस के सभी हितग्राहियों को आवास सरकार को देना ही होगा। विगत 15 वर्षों से आवास का बाट जोह रहे गरीब परिवार मकान टूट जाने के स्थिति या जर्जर स्थिति में किसी तरह कर्ज लेकर अपना छत बना लिया है। उन्हें भी आवास प्लस सूची में नाम होने के बाद भी वंचित करना न्यायोचित नहीं होगा। एक बार फिर सरकार वादा करने और मोदी कि गारंटी देने के बाद गरीब जनता के धोखा कर रही है ,आमजन कि मांग है कि पात्रता होने के बाद ही आवास प्लस में नाम जुड़ा था लेकिन आज उन्हें अपात्र कह कर अपने दोहरे चरित्र को उजागर कर रही है।



## ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर की कार्रवाई

**धमधा।** दुर्ग पुलिस के सतत सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लगातार ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़कों पर निरीक्षण किया जा रहा है। दुर्ग संभाग आई रेंज पुलिस महा निरीक्षक रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के सफल निर्देशन में धमधा से दुर्ग मार्गो पर लगातार बिना हेलमेट के वाहन चालक तीन सीट, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना बीमा के वाहनों की जांच की और मोटर वेहिकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में धमधा दुर्ग रोड साई मंदिर के पास 48 वाहनों का चालान किया गया। इस कार्रवाई में सहायक उपरीक्षक राजकुमार दुबे, कपिल यादव, आरक्षक रूपेश, राकेश कुमार, जय कुमार सलाम और राजेश देशमुख संलग्न रहे।



## सामुदायिक भवन और शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए सांसद निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण की राशि 6.30 लाख एवं शेड निर्माण की राशि 5 लाख के कार्य का भूमिपूजन समारोहपूर्वक किया गया। यह भूमिपूजन ग्राम पंचायत की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सरपंच वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य जारी हैं। सामुदायिक भवन निर्माण से ग्रामवासियों को बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक



आयोजनों एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान मिलेगा। वहीं शेड निर्माण से ग्रामीणों को गर्मी और बरसात के मौसम में भी कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी।

सरपंच ने बताया कि सांसद निधि के माध्यम से प्राप्त यह राशि जनसुविधा एवं ग्राम विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि इस भवन से ग्राम की सामाजिक एकता और सामूहिक गतिविधियों को नया बल मिलेगा। उन्होंने सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोहन साहू, आलोक वर्मा, कल्याणी यादव, रेनू वर्मा, रामबाई ठाकुर, बिनु वर्मा, तीर्थ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


## बिजनेस साइट

### बीएम शाह हॉस्पिटल ने की नि : शुल्क कैंप का आयोजन



**भिलाई।** बीएम शाह हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर, शास्त्री नगर सुपेला, भिलाई द्वारा जनहित में आस्था बहुउद्देशीय वृद्धा आश्रम, 23-ए सेक्टर 2, भिलाई में निः शुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप 4 नवंबर को निःशुल्क आयोजन किया गया।

आयोजित हेल्थ कैंप में निःशुल्क डॉक्टर परामर्श एवं मेडिकल जांच जिसमें बीपी, सुगर, ईसीजी, सीबीसी,कोलेस्ट्राल, टीजीएल, यूरीक एसिड, ब्लड सुगर, यूरिया, क्रिएटीनाइन, एसजीओटी, एसजीपीटी शामिल है एवं जरुरतमंदों को दवाईयां भी प्रदान की गई। शिविर में 45 वृद्धजनों का निः शुल्क परामर्श एवं विभिन्न जांच किया गया। इस आयोजन शिविर में हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जय तिवारी, डायरेक्टर, डॉ. अरुण मिश्रा एवं सीईओ विमल कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. एसएस वर्मा, ऑपरेशन मैनेजर अमरजीत सिंह के साथ पूरी टीम मौजूद रही। आयोजित निः शुल्क शिविर का लाभ लेकर वृद्धजनों ने बीएम शाह हॉस्पिटल का शुक्रिया अदा किया।


## राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए पाटन से हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए पाटन से कलाकारों का चयन हुआ है। कला उत्सव विकास खंड समन्वयक मोहित कुमार शर्मा एवं लखेश्वर साहू ने बताया कि विकास खंड से चार विधाओं में जिला स्तरीय कला उत्सव जीत कर राज्य स्तरीय कला उत्सव में सहभागिता सुनिश्चित की थी। जिसमें सामूहिक नाटक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित हुए हैं। नाटक में स्वामी आत्मानंद विद्यालय उत्कृष्ट हिन्दी मिडियम पांहदा तथा एकल शास्त्रीय नृत्य में शिवोम विद्यापीठ सांकरा का चयन हुआ है। नाटक विधा में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी मीडियम विद्यालय पाहंदा के बच्चों ने दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए नगर माता बिन्नी बाई सोनकर की जीवनी पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी थी। इस नाटक का चयन राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए किया गया है। इस नाटक के लेखन सह निर्देशन कार्य डॉ. सरिता साहू , शिक्षिका , शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाटा द्वारा किया गया है। नाटक में बिन्नी बाई सोनकर के बचपन का किरदार अंजली धुर्वे ने निभाया है। इन्होंने नाटक के अंत मे मुख्यमंत्री का अभिनय भी किया है। बिन्नी बाई के मुख्य पात्र को किरण सिंगौर ने सजीवता दी हैं। जान्हवी साहू ने इस नाटक में ग्रामीण छात्रा के साथ साथ एक सजग महिला, शिक्षिका की भूमिका निभाई है। मीनाक्षी वर्मा ने इस नाटक में एक बालक, कोतवाल और जसगीत गायक का रोल निभाया है। समाजसेविका बिन्नी बाई के इस नाटक की सभी ने सराहना की है। इसी तरह एकल नृत्य में सिद्धी पाठक शिवोम विद्यापीठ सांकरा ने अपने शास्त्रीय नृत्य के गुरु संगीता कापसे के निर्देशन में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। इस सफलता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला नोडल अधिकारी प्रतिष्ठा शुक्ला, जिला समन्वयक डॉ.सरिता श्रीवास्तव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी डालेंद्र कुमार देवांगन, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे आदि ने बधाई दी है।

## अंचल की खबरें

### नशे का दुष्प्रभाव रोकने समाज को किया जागरुक



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम चंदखुरी गुरुघासीदास चौक में तहसील सतनामी समाज दुर्ग व सतनामी समाज चंदखुरी द्वारा 'एक प्रयास नशा व अपराध मुक्त समाज की ओर कार्यक्रम का 02 नवम्बर को आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग तहसील सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने नशे के कारण शरीर व स्वास्थ्य में पड़ रहे दुष्प्रभाव के बारे में समाज के लोगों को जागरुक किया। ग्राम के सरपंच कविता यादेश ठाकुर ने ₹नशा नाश की जड़ है भाई, फल है इसका बढ़ा दुखदाई ₹ स्लोगन के साथ स्कूली छात्रों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को रोकने लोगो को नशे से दूर रहने की हिदायत दी। इस मौके पर थाना प्रभारी-थाना पुलगांव अमित अडानी विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अभियान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य गोपाल यादव संजय बघेल-जनुसूचितजाति विभाग अण्डा भाजपा मंडल, वार्ड पंच नन्दनी गायकवाड., कांति सेना सदस्य के कार्यकर्ता मनीष कुमार देशलहरे तथा समाज के प्रमुख सदस्यों धनबघेल कार्तिक बघेल, चैतराम खुटेल, जागृत कुर्रे राकेश गयाकवाड, नरसिंग बारले, ललित देशलहरे, चिताराम टोरले और ओमप्रकाश खुटेल आदि का विशेष योगदान रहा।

■ एक प्रयास नशा व अपराध मुक्त समाज की ओर नामक कार्यक्रम का सफल आयोजन सपन्न

### शासकीय कॉलेज का भवन बनकर तैयार, मिलेगी सुविधा



पाटन। पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई का भवन निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अंतिम चरण का फिनिशिंग कार्य तेजी से जारी है। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली और कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाया जा रहा यह कॉलेज न केवल शिक्षा की स्तर को ऊंचाई देगा, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए उज्वल भविष्य की नींव भी साबित होगा। दक्षिण पाटन के हृदय स्थल रानीतराई में संचालित इस कालेज दुर्ग जिला ही नहीं धमतरी जिला के बच्चे भी प्रवेश कर उच्च शिक्षा ग्रहण करते है। कॉलेज के प्राचार्य अरुण मिश्रा ने बताया कि कॉलेज के कार्य अंतिम चरण पर है और शीघ्र ही ठेकेदार के द्वारा कार्य पूर्ण करने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में कॉलेज को शिफ्ट करने की तैयारी भी की जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि हिंदी साहित्य की सब्जेक्ट अगले सत्र से शुरू की जाएगी और पीजीडीसीए के लिए भी संचानालय में अवगत कराया गया है प्राचार्य ने कॉलेज में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल की मांग विभाग से की है और इसके लिए प्रपोजल बनाकर जमा करने की बात कही गई है।

### खोपली परिक्षेत्री साहू संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**उतई।** खोपली परिक्षेत्री साहू संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण पूर्व पदाधिकारियो का विदाई कार्यक्रम ग्राम मचांदुर के परिक्षेत्रीय कार्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी जनपद सदस्य ढालेश साहू, उतई नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी समाज सेवी सुभाष साव, संरक्षक नंदकुमार गजपाल समाजसेवी वेदनायण साहू व पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष छन्नू गजपाल, सरपंच रोशन साहू आदि थे। कार्यक्रम का आरम्भ भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना से किया गया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम गजपाल, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, महिला उपाध्यक्ष मीना साहू, संगठन सचिव गजेंद्रनाथ गजपाल, महिला संगठन सचिव संगीता साहू, सचिव युगल साहू, कोषाध्यक्ष थानसिंह साहू, सह सचिव मन्नू लाल साहू, समन्वयक डॉ पिलेश्वर साहू, तहसील प्रतिनिधि जामवंत गजपाल, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक पोषण साहू व युवा प्रकोष्ठ संयोजक जनार्दन साहू सहित अन्य पदाधिकारियो को पद व गोपनीयता के साथ सामाजिक नियमावली के परिपालन, समाज सुधार व संगठनात्मक मजबूती कि शपथ दिलाई। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम गजपाल ने अपने कार्यकारणीय का घोषणा की। निवर्तमान अध्यक्ष नन्द कुमार गजपाल परक्षेत्रीय साहू संघ खोपली के पदेन संरक्षक होंगे। इस अवसर पर अनिल साहू, रणमत साहू,परिक्षेत्र के ग्राम इकाई अध्यक्ष गजेंद्र साहू, गीतेश्वर साहू, पूहूप राम साहू,रमेश साहू, चंद्रशेखर साहू, टेकसिंह साहू, रमेश गजपाल, योगनारायण साहू, किशोर गजपाल सहित पदाधिकारी ताराचंद गजपाल,पुरुषोत्तम साहू, भीषम साहू, दुष्यंत साहू, वीरेंद्र साहू,चेतन साहू,घनश्याम साहू, कमल नारायण साहू,नेतराम साहू भूपेंद्र साहू, कन्हैया साहू,कौशल साहू, भेखचंद साहू,भरत साहू, विजय साहू,वेनुमति साहू,पुष्पा साहू,डोमिन साहू,खिलेश्वरी साहू, पूजा साहू सहित ग्रामीण व परिक्षेत्रीय पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### डुंडेरा-जोरातराई डामरीकरण मार्ग अत्यंत जर्जर



**उतई ।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुंडेरा जोरातराई मार्ग के बीच बनी डामरीकरण सड़क मार्ग बेहद जर्जर अवस्था में है। जिसके चलते आए दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। जिसे लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख कर जर्जर सड़क का तत्काल समतलीकरण करने की मांग की है, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना से बची जा सके।तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा जोरातराई मार्ग से राहगीर हजारों की संख्या में आम जन व बीएसपी प्लांट के श्रमिक आवागमन करते है,डुंडेरा शांति नगर के बीच बनी डामरीकरण सड़क पूरी तरह धंस कर मिट्टी में तब्दील हो चुका है और बड़े बड़े गढ्ढे हो गए है। जिसके चलते आय दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है जिसे तत्काल समतलीकरण करने की आवश्यकता है ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### पिस्टल दिखाकर वाहन से डीजल चोरी

**भिलाई।** पिस्टल से डरा धमकार कर वाहन से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि भिलाई 3 निवासी सुमित कुमार सिंह जेके लॉजस्टिकि ट्रांसपोर्ट कंपनी में मुंशी काम करता है। वाहन सीजी 07 बीएम 4339 के टंकी तोडकर ठाकुर पेट्रोल पंप के पास से उमदा रोड में अज्ञात ने 320 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। वाहन चालक बिहार निवासी नारायण यादव ने घटना की जानकारी फोन पर दिया। चालक वाहन को ठाकुर पेट्रोल पंप भिलाई तीन के पास खड़ा किया था। वाहन में चालक सोया हुआ था, 3 अज्ञात युवक स्वीफ्ट डिजायर कार में पहुंचे। कंटेनर के सामने कार को खड़ा कर डीजल चोरी करने लगे। डीजल टंकी के ढक्कन को तोड़कर युवकों ने चोरी कर रहे थे। तब चालक उनसे पूछने पर युवकों ने पिस्टल के समान किसी वस्तु से डराया। चोरी हुए डीजल की कीमत 27 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

### सूने मकान से नकदी व जेवरात पार

**भिलाई।** परिवार समेत घूमने गए मकान में ज्ञात ने ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात केखिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। पारस ठाकुर ने बताया कि वार्ड नंबर 7 चटाई सीट अहिवारा निवासी अघन सिंह शास. प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र मुरमुंदा में कर्मी है। परिवार के साथ मकान में ताला जड़कर घुमने राजस्थान चला गया था। 5 नवम्बर की रात वापस घर अहिवारा पहुंचने पर सारा सामान सामने बिखरा पड़ा मिला। कमरो का ताला भी टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने मकान से सोना चांदी के जेवरात, भारत गैस का सिलेंडर, नगदी 1100 रूपये गायब मिले। कुल चोरी हुए सामनों की कीमत 35 हजार रुपए आंकी गई है।

### मकान से जेवरात चोरी

**भिलाई।** उज्जैन गए परिवार के मकान का तासला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि केनाल पारा चंदखुरी निवासी उषा चंद्राकर इंटीनियर डिजाईनर का काम करती है। परिवार साथ उज्जैन गई हुई थी। पड़ोसी ने फोन कर जानकारी दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। परिवार उज्जैन से लौटकर 6 नवम्बर को पहुंचे तो मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। बेड रुम मे रखे लोहे के आलमारी का लॉकर का ताला टुटा था। लॉकर खुला हुआ पड़ा था, आलमारी के भीतर से सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। कुल सामानों की कीमत 74 हजार रुपए आंकी है।

### गांजा बेचते युवक पकड़ाया

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक कुम्हारी निवासी डाउन देवार को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 1 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ लंबे समय से गांजा बेचने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस ने ऑपरेशान विश्वास भियान के तहत कार्रवाई किया है।

### डॉ. सिंह आज शामिल होंगे शपथ ग्रहण में

**दुर्ग।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज की दुर्ग जिला इकाई द्वारा 8 नवंबर को आनंद रिसोर्ट, शिवनाथ नदी रोड पुलगांव में शपथ ग्रहण एवं व्यापारिक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यह समारोह संध्या 6 बजे



शुरु होगा। समारोह में चेम्बर के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग जिला इकाई के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थॅारानी करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, एसएसपी विजय अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, चेम्बर प्रदेश संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चेम्बर प्रमुख सलाहकार संजय रुंगटा आदि मौजूद रहेंगे।

# तहसील साहू संघ रिसाली का चुनाव कल, परिश्रमी व मां कर्मा पैनल के बीच मुकाबला

## तत्कालीन पदाधिकारी के कार्यकाल में हुई अनियमितता की जांच के बाद प्रदेश साहू संघ ने दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तहसील साहू संघ रिसाली का चुनाव 9 नवंबर रविवार को कर्मा भवन इस्पात भवन रिसाली में होगा। सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव को महीनेभर पहले इसलिए रोक लगा दी गई थी कि तत्कालीन अध्यक्ष पर अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने इस आरोपों की जांच पूरी कर ली है और उसके बाद इस चुनाव को हरी झंडी दे दी। चुनाव का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ भिलाई की चुनाव संचालन समिति करेगी। इस चुनाव में परिश्रमी पैनल और मां कर्मा विकास पैनल के बीच मुकाबला है। परिश्रमी पैनल से अध्यक्ष पद के लिए तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू और मां कर्मा विकास पैनल से अध्यक्ष पद पर डॉ. कामता प्रसाद साहू अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



संतोष साहू



डॉ. कामता साहू

### दोनों पैनल के इनके बीच में हैं मुकाबला

परिश्रमी पैनल में अध्यक्ष पद के लिए तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू फिर से मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए चैलेंद्र साहू व महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती जामुन साहू चुनाव लड़ रहे हैं।संगठन सचिव के पद पर हरिराम साहू और श्रीमती गुनेश्वरी साहू इस पैनल से हैं। इस पैनल के मुकाबले में मां कर्मा विकास पैनल के अध्यक्ष पद के लिए डॉ कामता साहू, उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश साहू व महिला उपाध्यक्ष के पद पर श्रीमती संध्या साहू, संगठन सचिव पद के लिए कौशल चौधरी व श्रीमती तारिणी साहू मैदान में हैं।

### 921 मतदाता डालेंगे वोट

रिसाली तहसील साहू संघ के अंतर्गत जो मतदाता सूची प्रकाशित की गई है उस हिसाब से 921 मतदाता हैं। यह सूची तहसील साहू संघ रिसाली द्वारा प्रारंभिक प्रकाशन के रूप में किया गया था । चुनाव संचालकों द्वारा जो सूची जारी की गई है उसमें करीब 20 आजीवन सदस्यों के नाम विलोपित होने और सीरियल नंबर भी बदलने की वजह से सदस्यों में रोष की स्थिति भी निर्मित हो गई है। सामाजिक ग्रुप में इसे लेकर बवाल मचा हुआ है। चूंकि इन सदस्यों ने पिछले चुनाव में मतदान कर चुके हैं और इस बार उनका नाम ही नहीं है। चुनाव अधिकारी जिला साहू संघ भिलाई के महासचिव अमोलदास साहू को बनाया गया है।

### अनियमितता की जांच में क्लीन चिट

रिसाली साहू संघ के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू पर मां कर्मा विकास पैनल के प्रत्याशियों ने अनियमितता के आरोप लगाते हुए छग प्रदेश साहू संघ में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसकी जांच प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने करवाई। जिला साहू संघ को भेजी गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा एबुलेंस खरीदी प्रक्रिया में नियमों की कुछ अनदेखी हुई, लेकिन किसी भी प्रकार की आर्थिक गड़बड़ी नहीं पाई गई। एंबुलेंस खरीदी में सहयोग देने वाले दानदाताओं को समाज की आजीवन सदस्यता देने का निर्णय उचित है और इसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप देखा जाना चाहिए। प्रदेश साहू संघ ने इस निर्णय को अनुमोदन देते हुए समाज में पारदर्शिता और एकता बनाए रखने की अपील की है।

## नहीं हुआ रैनबसेरा व सुलभ शौचालय का निर्माण, फुटपाथ पर सो रहे चालक क्लीनर

# ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण पांच साल बाद भी अधूरा पड़ा, बिजली नहीं होने से अंधेरे में डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### नगर निगम है सुस्त, ट्रांसपोर्टरों ने की जल्द निर्माण पूर्ण कराने की मांग



औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में बन रहे छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण में विलंब की कीमत सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों को चुकानी पड़ रही है। दो फेस में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है। इस मामले में भिलाई तीन चरौदा नगर निगम सुस्त बना हुआ है। ट्रांसपोर्टरों ने निगम और कलेक्टर से इस प्रोजेक्ट को जल्द पूर्ण कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992-93 में तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनाराण अग्रवाल के कार्यकाल में एमजी मार्केट पावरहाउस भिला से ट्रांसपोर्टरों को औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में शिफ्ट किया गया था। इस समय ट्रकें व ट्रेलर आदि एमजी मार्केट जीई रोड के किनारे बेतरतीब खड़ी होती थीं और ट्रांसपोर्टरों के आफिस भी यहीं थे।

साडा प्रशासन द्वारा तत्कालीन राज्य मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय की पहल पर शिफ्टिंग के बाद ट्रांसपोर्ट नगर के विकास की योजना भी बनाई गई थीं। लेकिन इस दौरान कई सरकारों के बदलने के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर पूरी तरह उपेक्षित पड़े रहने और विकास नहीं होने से ट्रांसपोर्टर परेशान होते रहे। तीस साल बाद वर्ष 2019-20 ट्रांसपोर्टरों की मांग पर तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल द्वारा यहां फेस वन फेस टू के रुप में ट्रांसपोर्टनगर के पुनर्विकास के लिए भूमि पूजन किया गया था। नगर निगम द्वारा छग के इस सबसे बड़े सर्वसुविधायुक्त ट्रांसपोर्टनगर का निर्माण जल्द पूर्ण कराने का भरोसा ट्रांसपोर्टरों को दिलाया गया था। लेकिन निर्माण कार्य में लेटलतीफी के चलते पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं होने से ट्रांसपोर्टरों को चौतरफा परेशानी हो रही है। अब तक करीबन 80 प्रतिशत निर्माण ही हुआ है। ट्रांसपोर्टनरों ने बताया कि विलंब से कई तरह के दिक्कतें हो रही हैं।

### जोखिमभरा है गाड़ियों का आवागमन

फेस -1 और फेस-2 के तहत निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर में अब तक कांक्रीट की सड़कों और ट्रांसपोर्टरों के आफिसों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही पार्किंग स्थल,व्यावसायिक काम्पलेक्स का भी निर्माण हो गया है। यहां अब तक स्ट्रीट लाइट यानी बिजली नहीं है। रैन बसेरा और सुलभ शौचालय का निर्माण भी नहीं हुआ है। ट्रांसपोर्ट नगर के प्रवेश व निकास द्वार का भी निर्माण नहीं हुआ है। लाइट नहीं होने से अंधेरे में गाड़ियों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य होने के साथ चोरी आदि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। छग ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर के अधूरे होने से देशभर से यहां आने जाने वाले वाहनों के साथ ट्रांसपोर्टरों व ड्रायवर क्लीन आदि कर्मियों को परेशानी हो रही है। नगर निगम व कलेक्टर से जल्द बाकी बचे निर्माण को पूर्ण कराने और बेतहाशा कब्जों को हटाने की मांग की गई है।

# सीपीएफ टॉपअप लोन स्कीम की कार्मिकों को दरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटर ने कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा- सीपीएफ,वेजेस) आरके भट्टाचारजी को ज्ञापन सौंप कर जल्द पूर्व की तरह सीपीएफ टेंपरेरी लोन पर टॉप-अप स्कीम शुरू करने की मांग की । प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि ईपीएफओ द्वारा सीपीएफ लोन पर जल्द ही नया नोटिफिकेशन जारी करने वाला है उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा ।

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया पूर्व में जैसा सीपीएफ टेंपरेरी लोन पर टॉप- अप स्कीम चल रही थी उसी तरह अभी जो ब्याज रहित टेंपरेरी लोन की सुविधा शुरू की गई है इसके साथ भी टॉप-अप स्कीम शुरू किया जाए । श्री भट्टाचार्य जी ने कहा कि मांगों को वे शीघ्र कार्यपालक निदेशक के समक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर केंद्रीय श्रम मंत्री की अध्यक्षता में ईपीएफओ की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के मीटिंग हुई है । इसमें कर्मचारी को उसके सीपीएफ फंड का 75% एनआरएल लोन दिए जाने का निर्णय हुआ है 1 अभी तक इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है।

### माड्यू बाद निर्णय

ईपीएफओ द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के बाद नए सिरे से सीपीएफ (एनआरएल) के लिए मॉड्यूल तैयार करना पड़ेगा उसके बाद ही हम टॉप-अप स्कीम पर कोई निर्णय ले सकेंगे । सीपीएफ टेंपरेरी लोन की जो सुविधा भिलाई स्टील प्लांट में चल रही है,पूरा प्रयास रहेगा कि इस सुविधा को जारी रख सके। चर्चा में बीएसपी के महाप्रबंधक जी. राजेश एवं उप प्रबंधक संजोला व यूनियन से कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उप महासचिव रमाशंकर सिंह और शिव शंकर सिंह उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## बासु को राष्ट्रीय सम्मान, कलाकारों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सांस्कृतिकधानी भिलाई की सृजनशील मिट्टी में जन्मे, देश-विदेश के सिनेमा जगत में अपनी गहरी कलात्मक पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग बासु को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किशन साहू राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान से अलंकृत किया गया है। अनुराग बासु के भिलाई प्रवास के दौरान हुडको में कला साहित्य अकादमी के पदाधिकारियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।

प्रचार प्रसार प्रमुख शांतनु दासगुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान श्री बासु एवं अकादमी के पदाधिकारियों के बीच छत्तीसगढ़ की कला, साहित्य और फिल्म जगत की भावी संभावनाओं पर गहन चर्चा हुई। अकादमी द्वारा हाल ही में प्रारंभ किए गए फंड रेज़िंग पार्ट-1 कल्याणकारी अभियान से भी उन्हें अवगत कराया गया, जो कलाकारों एवं साहित्यकारों के हितार्थ समर्पित है। इस संवाद में अनुराग बासु ने युवाओं को कला और संस्कृति की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रेरक सुझाव दिए। इस अवसर पर कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती, कार्यकारी अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, सचिव बबलू विश्वास तथा पौढ़ी गढ़वाल से भिलाई प्रवास पर आए देश के नाट्य लेखक सतीश शर्मा ने बासु से मिलकर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## आयुक्त ने नंदिनी रोड चौड़ीकरण, सर्विस रोड और कैनाल रोड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 3 अंतर्गत विभिन्न प्रस्तावित विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने नंदिनी रोड चौड़ीकरण, चंद्रा मौर्या टॉकीज से शोरूम तक प्रस्तावित सर्विस रोड के निर्माण की तैयारियों और प्रस्तावित कैनाल रोड की योजना का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने विकास कार्यों को सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह एवं सहायक अभियंता नितेश मेश्राम को निर्देशित किए हैं कि प्रस्तावित कार्य क्षेत्रों में आ रही दिक्कतों का निराकरण करें। अवैध निर्माण, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल सहित अन्य आंकलन कर शिफ्टिंग हेतु पत्राचार किए जाने कहा गया है ताकि नागरिकों को शीघ्र ही बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके।इसी क्रम में आयुक्त ने शीतला कांपलेक्स के समीप किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को इस पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किये। आयुक्त के निर्देश के परिपालन में सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन के नेतृत्व में उड़न दस्ता टीम, राजस्व टीम एवं स्वास्थ्य टीम ने तत्काल अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित में चल रहे विकास कार्यों में बाधा डालने वाले या सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। समीपस्थ दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल बिक्री के कारण आसपास गंदगी फैला हुआ था जिसे तत्काल जप्त कराया।

- अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

### कला मंदिर सेक्टर 6 में पुलिस अधिकारी और विवेचक हुए शामिल

# पुलिस विभाग को दिया एनडीपीएस व पाक्सो का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



पुलिस ने नवीन कानून, एनडीपीएस और पाक्सो एक्ट में पुलिस अधिकारी, विवेचकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई इस्पात संयंत्र, सिविक सेंटर में संपन्न हुआ। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन पर प्रशिक्षण आयोजित था। कार्यक्रम में उप संचालक अभियोजन दुर्ग भीम सिंह राजपूत, शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक मेघेश्वर दिल्लीवार ,विशेष लोक(पाक्सो) अभियोजन रूप वर्षा, विशेष लोक अभियोजन प्रकाश शर्मा, एनडीपीएस विशेष लोक अभियोजन सूरज शर्मा, जिला अभियोजन अधिकारी सुनील चौरसिया, समेत अन्य मौजूद थे। श्री राजपूत प्रशिक्षण में बताया कि स्वापक औषधि, मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के बारे में एनडीपीएस को केन्द्र सरकार द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत बनाए गए। नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी में बताया गया। मेघेश्वर ने विवेचकों से एनडीपीएस विवेचना के दौरान होने वाली त्रुटियों को बारीकी से अध्ययन कर विस्तार से जानकारी दी। श्रीमति दिल्लीवार ने बालकों के खिलाफ लैंगिक अपराध के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए विशेष न्यायालय का गठन किया जाना और सीआरपीसी की धारा 173, बीएनएसएस की धारा 193 में न्यायालय में 60 दिवस के भीतर चालान पेश करना होता है। विवचेकों को किसी भी प्रकार से भ्रम की स्थिति होती है तो वह चालान न्यायालय में पेश करने के 10 दिनों पूर्व लोक अयियोजकों से संपर्क कर प्रकरण में त्रुटि सुधार करा सकते है। लैंगिक अपराध में पीड़िता के प्रकरणों में डीएनए टेस्ट कराए जाना भी बताया है। इस दौरान एएसपी सुखंनदन राठौर, एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तवंर, डीएसपी लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।



16 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता (दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 12, 100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411




02 सर्दी में रंगों के ये शेड देंगे आपको बेस्ट लुक, आप भी इन्हें आजमाएं


**लाइव इवेंट**

## स्टेट बैंक में लगाया डिजिटल शिविर, दी सायबर फ्रॉड से बचने की जानकारी



**भिलाई।** भारतीय स्टेट बैंक भिलाई सेक्टर 1 मुख्य शाखा द्वारा पेंशनभोगियों के जीवन प्रमाण पत्र के लिए डिजिटल शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी अभियान में मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ सलाहकार भारत सरकार जीवन प्रमाण पत्र शिविरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और फेस ऑथेंटिकेशन तथा डोरस्टेप सेवाओं के माध्यम से डीएलसी सुविधा का लाभ उठा रहे पेंशनभोगियों के साथ बातचीत करने के लिए डीएलसी शिविर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा भिलाई दौरा किया।

इस अवसर पर श्री तिवारी ने पेंशनरो से बातचीत कर उन्हे सरकार के डिजिटल अभियानों की जानकारी दी। बैंक ने पेंशनरो का श्रीफल एवं शाल देकर सम्मान किया एवं स्पर्श मल्टीसपेशलिटी हास्पिटल के साथ संयुक्त रुप से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई रुपक कुमार मंडल द्वारा इस डिजीटल अभियान और सायबर क्राइम जागरूकता की जानकारी दी गई। मुख्य प्रबंधक विशेष काश्यप द्वारा पेशनरो का आभार व्यक्त किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




**झंडा दिवस पर सेवा, अनुशासन और एकता का दिया संदेश, अनेक कार्यक्रमों का आयोजन**

# स्काउटिंग केवल गणवेश का अनुशासन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता व समाजसेवा का जीवन दर्शन, जागरुकता के लिए निकाली रैली

**युवाओं को जिम्मेदार, संवेदनशील और राष्ट्रसेवी नागरिक बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में झंडा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि स्काउटिंग केवल गणवेश का अनुशासन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और समाजसेवा का जीवन दर्शन है। छोटे-छोटे कार्यों से जीवन बड़ा बनता है। इसलिए स्कार्फ में एक अच्छा कार्य करने के बाद गांठ लगाई जाती है। दूसरों की मदद करने का भाव आपको बड़ा बनाता है। छोटे काम करके आप बड़े इंसान बन सकते हैं।स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और नशा मुक्ति का संदेश देने सायकल रैली निकाली गई और स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। बच्चों ने मिलकर झंडा गीत गाया और स्काउट प्रतिज्ञा को दोहराया। स्काउट्स और गाइड्स ने 'सेवा ही सर्वोच्च धर्म है' का नारा लगाते हुए समाजसेवा, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाई।**

**भिलाई।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस के रूप में मनाए जाने वाले झंडा दिवस पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में सेवा और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिल रैली निकाल कर की गई।

जिसमें विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नशा मुक्ति का संदेश दिया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ भारत का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, मुख्य अध्यापक कमल सोनी, उप प्राचार्य पुष्पा बड़ा का स्वागत डॉ अजय आर्य, नीना खत्री और एस.वी.एस. गायत्री द्वारा स्काउट गाइड का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।



**स्काउट की ड्रेस में जिम्मेदारी का भाव...** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि स्काउटिंग केवल गणवेश का अनुशासन नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और समाजसेवा का जीवन दर्शन है। कोई गिर रहा हो उसको उठा दीजिए। स्कूल में किसी के घर अगर कोई परेशानी है तो उसके साथ टिफिन शेयर करना सीखिए। डॉ आर्य ने कहा कि स्वच्छता सेवा की आदत हमारे व्यक्तित्व में बदलाव लाते हैं। हम जब स्काउट की ड्रेस पहनते हैं तो हमने जिम्मेदारी का भाव होना चाहिए। देश, समाज, संस्कृति और विद्यालय जहां भी हमारी आवश्यकता हो हमें अपनी भूमिका तय करके उसे कार्य को करना चाहिए इसलिए स्काउट कर्मी है तो हमेशा तैयार रहें।



### राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ही सच्चा गौरव

प्राचार्य श्री उमाशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सेवा और चरित्र निर्माण के संस्कार विकसित करती है। हम सबको अपने जीवन में स्वच्छता की प्रति ध्यान रखना चाहिए। विद्यालय में ढाई हजार विद्यार्थी है अगर सब गंदगी करेंगे तो चार से लोग मिलकर उसका निराकरण नहीं कर सकते। हम जहां जिस रूप में भी विद्यालय को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं हमें कोशिश करनी चाहिए। मुख्य अध्यापक कमल सोनी ने कहा कि स्काउटिंग एक ऐसा जीवनपथ है जहां सेवा, अनुशासन और निष्ठा एक साथ चलती हैं। झंडा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ही सच्चा गौरव है। स्काउटिंग शिक्षा का व्यावहारिक स्वरूप है जो विद्यार्थियों को कर्मशील बनाता है। उप प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

### समाजसेवा का लिया संकल्प

इस दौरान अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें स्वच्छ भारत, साइकिल रैली, वॉकाथॉन, स्काउट्स सेवा प्रतिज्ञा समारोह प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ समाजसेवा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में नीना खत्री, एस.वी.एस. गायत्री, गुरलिन कौर, के.एस. वैद्य, गणेश ओझा, सतीश धीवर, टकेश्वर कुमार, आशुतोष सिंह, राखी श्रीवास्तव, गीता माली, सतविंदर कौर और रचना पाल शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में स्काउट्स और गाइड्स ने 'सेवा ही सर्वोच्च धर्म है' का नारा लगाते हुए समाजसेवा, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ झंडा दिवस की गरिमा को सार्थक किया।

### जानिए, क्यों मनाया जाता है झंडा दिवस



भारत में प्रत्येक वर्ष 7 नवम्बर को स्काउट झंडा दिवस भारत स्काउट्स और गाइड्स का स्थापना दिवस के रुप मनाया जाता है। यह दिन स्काउटिंग आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बेडेन-पॉवेल को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है। यह अवसर युवाओं में अनुशासन, सेवा और एकता जैसे मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रतीक माना जाता है। वर्ष 1950 में बॉय स्काउट्स एसोसिएशन और हिंदुस्तान स्काउट गाइड ऑर्गनाइजेशन के एकीकरण से "भारत स्काउट्स और गाइड्स" का गठन हुआ था। झंडा दिवस न केवल इस ऐतिहासिक एकता का उत्सव है, बल्कि यह दिन स्काउटिंग की उस भावना को पुनर्जीवित करता है जो युवाओं को जिम्मेदार, संवेदनशील और राष्ट्रसेवी नागरिक बनने की प्रेरणा देती है।



**सिटी इवेंट**

## महिला समाज की महिलाओं ने रजत जयंती सम्मेलन के स्टॉल का किया भ्रमण



**भिलाई।** ट्विनसिटी में सबसे बड़ा महिलाओं का ग्रुप और बीएसपी की इकाई भिलाई महिला समाज की महिलाओं ने छग के रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आनंद उठाया। रायपुर और दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनकर कल्चरल प्रोग्राम का भी आनंद उठाया और शिल्पकला कलाकृति और छत्तीसगढ़ की माटी की कलाओं का पाठ कर इंजॉय किया। महिला समाज की विभिन्न इकाई और भिलाई महिला समाज की प्रमुख कमेटी मेंबर इस बार छत्तीसगढ़ माह उत्सव में शामिल हुई। जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी की भूमिका को जाना और शिल्प कला कलाकृति और कल्चरल प्रोग्राम का आनन्द लिया। इस दौरान महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पॉल, सहसचिव रीता तिवारी, रुक्साना शेख़, रागिनी शर्मा, सुधा वर्मा, लक्ष्मी पटेल, बबीता सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रही और छत्तीसगढ़ की झांकियों का भी आनंद लिया।

# ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल युग में हर क्लिक सोच-समझकर करने की दी जानकारी

**भिलाई।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइंस में हुआ**

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटक, कविताएं, भाषण, पोस्टर प्रदर्शन तथा जागरूकता गीतों के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्त्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा 11वीं की कृतिका ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जिसे सभी ने




सराहा। कार्यक्रम के दौरान कंप्यूटर शिक्षक उमाशंकर साहू और हेमंत साहू ने विद्यार्थियों को इंटरनेट की दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय बताते हुए कहा कि ऑनलाइन जगत में हर क्लिक सोच-समझकर करना चाहिए, क्योंकि सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने छात्रों को सुरक्षित पासवर्ड बनाने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा संदिग्ध वेबसाइटों से दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या योगिता शर्मा ने कहा आज के डिजिटल युग में ज्ञान के साथ सजगता और अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को तकनीक का उपयोग अपने विकास और सीखने के लिए करना चाहिए, न कि गलत दिशा में। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि वे किस प्रकार डिजिटल माध्यमों पर सावधानी बरतते हैं और दूसरों को भी जागरूक करते हैं।

## कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज, प्रभंजय देंगे भजनों की प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई निवासी जाने माने भजन एवं ग़ज़ल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी कोलकाता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आज अपनी प्रस्तुति देंगे साथ ही 9 नवंबर को भी सांस्कृतिक संध्या में अपनी गायकी से लोगो को मंत्रमुग्ध करेंगे।



कोलकाता विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रभंजय चतुर्वेदी को विशेष रूप से संध्या भजन एवं ग़ज़ल गायन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन कोलकाता के प्रतिष्ठित मंच इंडियन म्यूज़ियम के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 9 नवंबर को कोलकाता में ही भारतीय भाषा परिषद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में भी प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन एवं ग़ज़लो की प्रस्तुति होगी। प्रभंजय चतुर्वेदी के साथ तबले पर भालचंद्र शेगेकर एवं बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख संगत करेंगे। इसके पूर्व भी प्रभंजय चतुर्वेदी देश के प्रसिद्ध सम्मेलनों एवं समारोहों में अपने भजन एवं ग़ज़लों की प्रस्तुति दे चुके हैं।

**सिटी इवेंट**

## देव दिवाली पर जरुरतमंदों को बांटी गई जीवनोपयोगी सामग्री, बिताया समय



**भिलाई।** श्री योग वेदांत सेवा समिति नंदिनी नगर अहिवारा के तत्वावधान में संत आसाराम बापू आश्रम नंदिनी नगर अहिवारा में देव दीपावली के अवसर पर जरूरमंद 200 लोगों को आवश्यक सामग्री बांटी गई। समिति द्वारा लोगों के बीच दो दिन पहले जाकर जरूरतमंद लोगों को टोकन दे कर आमंत्रित किया गया। सभी लोगों को सत्संग हाल में बैठा कर भगवान नाम की महिमा बताई गई। भजन कीर्तन कराए गए, भोजन प्रसादी दे कर सभी को दैनिक जीवन में उपयोगी सामान जिसमें कपड़े, बर्तन, चप्पल, मिठाई, दिया, तेल और नकदी कुछ पैसे भी दिए गए। बच्चों को नोट बुक और उनके उम्र अनुसार कपड़े भी दिए। हर साल देश भर के 450 आश्रमों से भी ज्यादा जगहों में गरीब जरूरतमंद लोगों को दीपावली के निमित्त यह जरूरत का समान दी जाती है।

**ओशो आश्रम भिलाई-3 में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन**

# ध्यान को केवल बैठने या मंत्र जप तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन में उतारें, ओशो के साधकों ने ली संन्यास दीक्षा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर उमदा रोड स्थित ओशो आश्रम भिलाई-3 में विशेष ध्यान शिविर ओशो संध्या दर्शन के आयोजन का समापन प्रकाश पर्व पर किया गया। तीन दिवसीय शिविर का संचालन ओशो संन्यासी स्वामी शशिकांत सदैव द्वारा किया गया।

तीन दिनों तक चले इस ध्यान शिविर में साधकों ने ध्यान, नृत्य, मौन और आत्म-जागरूकता की विविध विधियों के माध्यम से गहरी आंतरिक अनुभूतियों का अनुभव किया। उद्घाटन सत्र में भिलाई-चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ओशो के विचारों पर आधारित ध्यान विधियों को आधुनिक जीवन की आवश्कता बताया। इस अवसर पर महापौर कोसरे ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मन की शांति सबसे बड़ी आवश्यकता है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की ऊर्जा से जुड़ सकता है और जीवन को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने ओशो आश्रम के वातावरण और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थान न केवल ध्यान का केंद्र है, बल्कि यह शहर में आध्यात्मिक जागरण का स्त्रोत बन सकता है।



### स्वामी शशिकांत ने बताया ध्यान साधना

तीन दिनों तक चले इस शिविर में प्रतिदिन सुबह गतिशील ध्यान, दोपहर प्रवचन सत्र और शाम को मौन ध्यान साथ ही ओशो संगीत संध्या का आयोजन किया गया। स्वामी शशिकांत ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान कोई क्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने की सजग कला है। जब व्यक्ति पूर्ण जागरूक होकर हर क्षण को जीता है, तभी सच्चा ध्यान जन्म लेता है। उन्होंने साधकों से कहा कि ध्यान को केवल बैठने या मंत्र जप तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन में उतारें।



### ओशो संध्या दर्शन के साथ समापन

शिविर के अंतिम दिन ओशो संध्या दर्शन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर साधकों ने मौन ध्यान में भाग लिया और सामूहिक ऊर्जा सत्र में शामिल होकर आंतरिक शांति का अनुभव किया। समापन समारोह के दौरान दो नए साधकों ने संन्यास दीक्षा लेकर ओशो मार्ग को अपनाया। उनके दीक्षा ग्रहण के साथ ही पूरे वातावरण में शांति, प्रेम और उत्साह का अद्भुत संयोग बना। स्वामी ने कहा कि हर ध्यान शिविर आत्म-परिवर्तन की दिशा में एक कदम होता है। जो भीतर बदलता है, वही बाहर की दुनिया को बदलने की क्षमता रखता है। ओशो चेतना शिविर में भिलाई, रायपुर, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। सभी ने अपने ध्यान अनुभव साझा किए और नियमित साधना जारी रखने का संकल्प लिया। ओशो आश्रम भिलाई-3 लगातार आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का केंद्र बनता जा रहा है। जहां समय-समय पर ध्यान, प्रवचन, नृत्य ध्यान और विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिनसे सैकड़ों लोग जुड़ रहे हैं। समापन पर साधकों ने लिया नया संकल्प शिविर का समापन हुआ।

सिटी इवेंट

## महर्षि अरबिन्दो का विशाल भारत पर व्याख्यान आयोजित



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालयए के राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच द्वारा महर्षि अरविंदो का विशाल भारत विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रविंद्र नाथ टैगोर हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग थीं। विशिष्ट अतिथि डॉ एनपी दीक्षित पूर्व कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय तथा वीएन पाण्डेय सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच थे। स्वागत भाषण मे प्राचार्य डॉ. एसके झा ने कहा कि अटलाण्टिक से प्रशांत महासागर तक फैले हुए भारतीय तकनीकि व प्रबंध पेशेवरों एवं डायस्पोरा ने भारत को एक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। आज की व्याख्यान संगोष्ठी विशाल भारत की संकल्पना से भारत की सांस्कृतिक एकता एवं आध्यात्मिकता का महत्व स्थापित करने मे सहायक होगी।

कार्यक्रम की रूप रेखा एवं विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शकील हुसैन ने बताया कि महर्षि अरबिन्दो के विशाल भारत की संकल्पना वस्तुतः भारत की आध्यत्मिक शक्ति और सांस्कृतिक प्रभाव के पुनर्जागरण की संकल्पना है इसीलिए भारत विश्वगुरू रहा है। उन्होने बताया कि वर्तमान वैश्विक समस्याओं और हिंसा का समाधान केवल भारत की आध्यात्मिकता सांस्कृतिक विशालता मे है। विशिष्ट अतिथि डॉण एनपी दीक्षित ने भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और विश्व में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ वर्णिका शर्मा ने भी संबोधित किया।

व्याख्यान मे अन्य महाविद्यालयों से भी विद्यार्थी, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवक शामिल थे। राजनीति विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसके विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ शकील हुसैन ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण छात्र-छात्राएं तथा एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



धर्म लाइव

## गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया



**दुर्ग।** श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा स्टेशन रोड दुर्ग में भव्य कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने नगरवासियों और सिख समाज को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज की ओर से भाजपा जिला महामंत्री विनोद अरोड़ा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक सतविंदर सिंह दुआ, कुलबीर सिंह सलूजा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, गगनदीप सिंह, गुरजीत सिंह सहित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान महेंद्र पाल सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। गुरुद्वारे में कीर्तन, लंगर एवं सेवा कार्य के माध्यम से श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी के संदेश नाम जपो, किरत करो, वंड छको को आत्मसात किया।

समाज इवेंट

## दुर्ग जिला साहू संघ का युवक युवती परिचय सम्मेलन कल

**दुर्ग।** दुर्ग जिला साहू संघ के तत्वावधान में 34 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 9 नवंबर रविवार को गोंडवाना भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन किया जाएगा।

जिसमें साहू समाज के पंजीकृत 1001 विवाह योग्य युवक-युवतियों का नाम, फोटो एवं बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही युवक-युवती प्रतिभागियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया जाएगा। प्रतिभागियों द्वारा अपना पूरा परिचय, शिक्षा एवं विचार बताएंगे कि किस तरह के उनको जीवन साथी की तलाश है। विगत वर्ष प्रकाशित पत्रिका के माध्यम से लगभग 400 से अधिक रिश्ते पत्रिका के माध्यम से तय हो चुके है। जिससे धन एवं समय की बचत होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिताम्रध्वज साहू, पूर्व गृह मंत्री, अध्यक्षता नीरेंद्र साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, छत्तीसगढ़, अति विशिष्ट अतिथि जागेश्वर साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री, रामशिला साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास मंत्री, जितेंद्र साहू, तेल घानी विकास बोर्ड अध्यक्ष, दीपक ताराचंद साहू ,पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास बोर्ड, राजेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष दुर्ग जिला कॉपरेटिव बैंक मौजूद रहेंगे।

विश्व सैक्सोफोन दिवस पर म्यूजिकल इवेंट ने गुदगुदाया, कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# सैक्सोफोन की जादुई धुन ने बांधा समां, साज की आवाज से गूंजा कला मंदिर, दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**भिलाई।** विश्व सैक्सोफोन दिवस के मौके पर कला मंदिर सिविक सेंटर में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा म्यूजिकल इवेंट साज की आवाज का आयोजन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग और दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के छह सैक्सोफोनिस्टों ने ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अनिल केमें, लिलेश कुमार, प्रमोद केमे, आदर्श केमे, मध्य प्रदेश के राजन वंशकार और महाराष्ट्र के परेश लोखंडे ने सैक्सोफोन की मनमोहक धुनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गायिका पूर्वा श्रीवास्तव, श्रीजा, पुष्पांजलि हिरवानी, शकील भाई, गुलाब चौहान और तुलसी सोनी की गायकी ने शाम को और रंगीन बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि सेफी चेयरमैन और ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर थे।



### सैक्सोफोनिस्ट अनिल केमे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 11 हजार रुपये नकद भेंट



सैक्सोफोनिस्ट अनिल केमे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 11 हजार रुपये नगद भेंट किए। वहीं विजय अग्रवाल ने गायिका पूर्वा श्रीवास्तव को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी ने किया। आयोजन में ईश्वर सिंह राजपूत, कैलाश जैन बरमेचा, गुलाब चौहान, डॉ मानसी गुलाटी, विजय अग्रवाल, अजय बोहरा, हेमंत खूंटे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### इस स्तर का आयोजन शहर में हुआ पहली बार



छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि इस स्तर का आयोजन प्रदेश में पहली बार हुआ और इसे भिलाई-दुर्ग के संगीत प्रेमियों ने खूब सराहा। म्यूजिशियन टीम में मनोज नायक, आशुतोष लांजेवार, सत्येंद्र हिरवानी, पवन मांझी, रतन बारीक और हुपेंदर हिरवानी शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

दीपावली मिलन पर हुआ आयोजन

## रंगोली में दिखाया ऑपरेशन सिंदूर का पराक्रम दो वर्गों में याशिका और साम्या रहे प्रथम



- संत गजानन महाराज मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम
- विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** साहित्य, रंगमंच एवं ललित कला के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के तत्वावधान में दीपावली मिलन का आयोजन संत गजानन महाराज मंदिर प्रांगण हुडको में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित स्वरूपानंद महाविद्यालय, डीएवी स्कूल हुडको और हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रगति महिला सहकारी बैंक भिला अध्यक्ष अश्विनी अतुल नागले और सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर संस्था के ध्येय गीत का गान किया गया। संस्था द्वारा महामंत्री संजय तनखीवाले, प्रांतीय मंत्री हेमंत सगदेव और कोषाध्यक्ष विकास पांडे ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ और पौधा प्रदान कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दीपावली मिलन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागी बच्चों ने देश को गौरवान्वित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर पर रंगोली के माध्यम से अपने कल्पनाओं को दिखाया। उपस्थित दर्शकों और प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में मनीष ताम्रकार, सोनल साहू और मीनल खंगन ने ने एक से बढ़कर एक बनाये गए रंगोली की सराहना करते हुए निर्णय दिया। प्रतियोगिता में निर्णायकों ने 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार याशिका शादिजा, द्वीतीय शताक्षी दुबे और तृतीय पुरस्कार शिक्षा चंद्राकर को दिया गया। इसी क्रम में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार साम्या सोनकर, द्वितीय पुरस्कार निकिता वर्मा और तृतीय पुरस्कार प्रिया सिंह को प्रदान किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन माधवी गुजर, रौशनी साहू और आभार आभा नेवालकर ने दिया। इस अवसर पर संस्था के एम.आर. नायडू , किशोर टाटीबंधवाले, मिलिंद गुजर, राजेश धारकर, पराग भोंसले, देवेन्द्र श्रीवास्तव, अंकुश देवांगन, गौतम शील सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

साधु संतों ने किया पदविहार

## चातुर्मास पूर्ण, 700 किमी पैदल विहार कर शिखरजी के लिए रवाना



**भिलाई। जैन** समाज के साधु-संतों के वर्षायोग चातुर्मास के समापन के बाद आर्यिका माताजी दुर्लभमति, अक्षयमति एवं निर्मदमति सहित 11 साध्वी संघ ने भिलाई त्रिवेणी मंदिर से शिखरजी तीर्थ झारखंड के लिए पैदल विहार प्रारंभ किया। संघ 6 नवंबर की प्रातः बेला में भिलाई-3 से रवाना हुआ। यह लगभग 700 किलोमीटर लंबी पदयात्रा दिसंबर माह के अंत तक शिखरजी पहुंचेगी। उनके साथ 25 पदयात्री सदस्य भी विहार कर रहे हैं।

प्रस्थान से पहले नेहरू नगर जैन मंदिर में आर्यिका अक्षयमति एवं निर्मदमति माताजी के सान्निध्य में चतुर्थ तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने असंभव को संभव बनाने की भावना के साथ अनुष्ठान किया और संघ के मंगल विहार की सफलता के लिए अर्घ समर्पित किए। प्रातःकाल मंदिर में तीर्थंकर पारसनाथ भगवान का अष्टानिका पर्व के अंतिम दिन महामस्तकाभिषेक और विशेष पूजन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। भक्तों ने भाव-विभोर होकर आर्यिका संघ को विदा किया और मंगल कामना की कि यह विहार सिद्धभूमि शिखरजी तक सफलतापूर्वक संपन्न हो।

**युवाओं में दिखा त्याग, अनुशासन और समर्पण का भाव** :माता ने अंतिम उद्बोधन में कहा कि इस चातुर्मास में हमने सीमित धर्मलाभ दिया, पर भिलाई के युवाओं में जो त्याग, अनुशासन और समर्पण देखा, वही समाज की शक्ति है। ऐसी धर्म भावना निरंतर बनी रहे। समाज के अध्यक्ष मनीत जैन ने पुनः अगले वर्ष भी चातुर्मास करने का आग्रह किया। सचिव क्षितिज जैन, उपाध्यक्ष रमेश नाहर, सचिन जैन, अजित जैन, संदीप विध्याश्री, गौरव जैन, डॉ. राजेंद्र, आरके जैन ने समाज की ओर से आर्यिका संघ को श्रीफल अर्पित कर शुभकामनाएं दीं। विदाई विहार में सैकड़ों श्रद्धालु भिलाई नगर से खुर्सीपार तक पैदल शामिल हुए। 29 नवंबर को नेहरू नगर समाज की विशेष पदयात्रा भी संघ से जुड़ने के लिए रवाना होगी।

सीएसवीटीयू ने नैस्कॉम के साथ किया एमओयू, छात्रों को ऑनलाइन कोर्स का अवसर

# विद्यार्थी होंगे आधुनिक तकनीकी कौशलों से सशक्त, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दक्षता का कर सकेंगे उत्कृष्ट प्रदर्शन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नया कदम उठाते हुए नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसिज कंपनीज के साथ एक एमओयू समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू से सीएसवीटीयू के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशलों से सशक्त करने, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दक्षता का प्रदर्शन करने का अवसर मिल सकेगा।



### उद्देश्य है भारत के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में निपुण बनाना

नैस्कॉम के सीईओ डॉ. उपमीत सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में निपुण बनाना है। सीएसवीटीयू के साथ यह सहयोग छत्तीसगढ़ सहित पूरे मध्य भारत में डिजिटल शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा देगा। सीएसवीटीयू लंबे समय से अपने अकादमिक ढांचे में नवाचार और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। इस एमओयू के माध्यम से विश्वविद्यालय लर्न एनीटाइम, लर्न एनीवेयर की अवधारणा को साकार करेगा, जिससे विद्यार्थियों को लचीले, गुणवत्तापूर्ण और उद्योग-संरेखित शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा, कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा, नैस्कॉम के सीईओ डॉ. उपमीत सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर नचिकेत तापस और पंकज स्वर्णकार सहित अन्य संकाय सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### रोजगार के अवसरों में होगी वृद्धि

इस समझौते का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ऑनलाइन को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित कर छात्रों को डिजिटल लर्निंग और उद्योग-उन्मुख शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह सीएसवीटीयू के कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा और नैस्कॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ डॉ. उपमीत सिंह के बीच संपन्न हुआ। दोनों संस्थानों ने मिलकर तकनीकी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने और छात्रों को नवीनतम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिक्षण के अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया। समझौते के तहत अब सीएसवीटीयू के छात्र नैस्कॉम द्वारा विकसित उद्योग-संबंधित ऑनलाइन कोर्सेस का अध्ययन कर सकेंगे। इनमें आईटी, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। नैस्कॉम के सहयोग से छात्रों को उद्योग की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनके रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### हीरा ग्रुप का कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट अगले माह, तैयारी शुरू



**रायपुर।** हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कॉर्पोरेट निकायों के बीच आयोजित सीजन-16 सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट दिसंबर, 2025 के दूसरे सप्ताह के दौरान हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स ग्राउंड, राम वाटिका के सामने, ऊर्जा पार्क के पास, वीआईपी रोड, रायपुर में शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 32 टीमों के प्रारूप में टेनिस बॉल से सीमित ओवरों का खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट ने 15 वर्षों से विभिन्न कॉर्पोरेट घरानों की गहरी और मजबूत भागीदारी के साथ अविश्वसनीय सफलता हासिल की है। हर साल की तरह, टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसके लिए सभी 32 टीमों को 4 समूहों में विभाजित किया गया है। लीग राउंड के लिए 12 ओवर का मैच, प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मैच के लिए 15 ओवर और सेमीफाइनल और ग्रैंड फाइनल मैच के लिए 20 ओवर के साथ, टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता का फैसला करने के लिए कुल 65 मैच खेले जाएंगे। नकद पुरस्कार विजेता टीम को अब बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है और उपविजेता को 1 लाख रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक श्रेणी में विजेता और उपविजेता, सेमी फाइनलिस्ट और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ-साथ मैन ऑफ द टूर्नामेंट के लिए कई ट्रॉफियां और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### अंडर-14 क्रिकेट सेमीफाइनल आज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप अंतर जिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 8 नवंबर को खेला जाएगा। जिसमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में धमतरी विरुद्ध जांजगीर चांपा एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में रायगढ़ एवं दुर्ग के मध्य सेमी फाइनल मुकाबले होंगे।

### नेशनल जंप रोप चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ दल रीवा रवाना



**रायपुर।** जम्प रोप फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं मध्यप्रदेश जम्प रोप एसोसिएशन के संयुक्त आयोजन में रीवा (मप्र) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 18 वीं ऑल इंडिया राष्ट्रीय जंप रोप स्पर्धा शुक्रवार को शुरू हुई। 9 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का 18 सदस्यीय दल रवाना हुआ। एसोसिएशन के महासचिव अखिलेश दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम में अंडर 11 बालक वर्ग में अक्ष सोनी एवं बालिका वर्ग मे अविश फातिमा, अंडर–14 आयु वर्ग मेँ अभिराज अधिकारी, अंडर-18 युवराज देवांगन, आर्य सोनी, आदित्य शुक्ला, शिवम् राज , ईशांत वर्मा, योगेश प्रजापति, ऐश्वर्य ठाकुर, बालिका वर्ग में श्रुति जनबंधु, सीनियर वर्ग हर्ष मानिकपूरी, रुद्र दत्त, आयुष सोनी, मुख्य कोच हिमांशु कश्यप, ऋतिक वर्मा एवं मैनेजर युक्ति दुबे शामिल हैं।

### पैरालंपिक खिलाड़ी झा को सराहा उपराष्ट्रपति ने



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर राजधानी रायपुर पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और खेल जगत की अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। झा ने इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को बताया कि हंगरी के बुडापेस्ट में होने जा रही वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### त्यौहार के माहौल में अक्सर पेट की गड़बड़ी हो सकती है, राहत जरूरी

# खान-पान में गड़बड़ी से बिगड़ गया है पाचन तो इन आसान उपायों से पा सकते हैं आराम

इस मौसम में आमतौर पर त्यौहारों की बहार रहती है। दीपावली, छोटी दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्यौहार बीतने के साथ अब मिलन के आयोजन हो रहे हैं, फिर शादियों का मुहूर्त भी है। ऐसे में सारे उत्सव मिठाइयों और लजीज खान-पान के बिना अधूरे है। हालांकि मीठे, तले हुए और मसालेदार खाद्य पदार्थ पाचन तंत्र में गड़बड़ी और कई प्रकार की अन्य दिक्कतों को बढ़ाने वाले माने जाते हैं। त्यौहारों के दौरान खाने में बदलाव और अधिक तले-भुने या मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट में गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। अगर आप भी इस तरह की दिक्कतों से परेशान हैं तो घबराएं नहीं, कुछ आसान से उपायों की मदद से इसमें आराम पाया जा सकता है।

त्यौहारों के बाद अक्सर लोग कुछ तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत करते हैं, इनमें खानपान की वजह से पेट फूलने, अपच, पेट में दर्द जैसी समस्याएं आम हैं। आइए कुछ आसान उपायों के बारे में जानते हैं जिनकी मदद से आप आराम पा सकते हैं।

खानपान में गड़बड़ी का पाचन पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्यौहारों के जश्न के बीच अपनी सेहत को प्राथमिकता देना बहुत



जरूरी है। अगर आप त्यौहारों के बाद पाचन समस्याओं को लेकर परेशान हैं तो इसके लिए डॉक्टर ने कुछ उपाय बताए हैं जिससे आपको लाभ मिल सकता है। खाने-पीने की आदतों को ध्यान में रखकर, संतुलित आहार का सेवन, शरीर को हाइड्रेटेड रखना और स्वस्थ जीवनशैली के विकल्पों को अपनाना अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। पेट से संबंधित समस्याओं में कुछ प्रमुख उपायों से आराम पाया जा सकता है?

### हल्का और सुपाच्य भोजन करें



त्यौहारों के बाद एक-दो दिन हल्का और सुपाच्य भोजन करें। दलिया, मूंग दाल खिचड़ी, उबली हुई सब्जियां या सूप जैसी चीजें पचाने में आसान होती हैं और पेट को आराम देती हैं। आहार में दही और छाछ को जरूर शामिल करें। इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो गुड बैक्टीरिया का संतुलन बनाए रखते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं। एक कटोरी दही खाने से अपच में आराम मिल सकता है।

### शरीर को हाइड्रेट रखना और गर्म पानी पीना लाभकारी



पाचन की दिक्कतों के लिए डिहाइड्रेशन को एक बड़ा कारण माना जाता रहा है। इसलिए जरूरी है कि आप दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। गर्म या गुनगुना पानी पीना आपके लिए और भी लाभकारी हो सकता है। दिन में कई बार थोड़ा-थोड़ा गुनगुना पानी पिएं। यह पाचन में सुधार करता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पिएं। पेट को साफ करने और पाचन क्रिया को बढ़ावा देने में ये बहुत फायदेमंद माना जाता है।

### ये घरेलू उपाय भी हैं फायदेमंद

पाचन की दिक्कतों में आराम पाने के लिए अजवायन का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से अपच और गैस की समस्याओं में आराम मिलता है। इसी तरह से अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट की सूजन और अपच को कम करने में सहायक होते हैं। खाने के बाद सौंफ और मिश्री चबाना पाचन के लिए फायदेमंद होता है। इन उपायों के साथ खाने के बाद कुछ देर वॉक जरूर करना चाहिए। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से पाचन की दिक्कतें दूर होती है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

## टेबल टेनिस में सुष्मिता नीरव और इशी बनें विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जारी है। छह नवंबर को सीनियर महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग संपन्न हुई। जिसमें फाइनल मैच में सीनियर महिला वर्ग विजेता- सुष्मिता सोम (बिलासपुर),उपविजेता - लावण्या पांडे (रायपुर) 4-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग विजेता - नीरव तिवारी (रायपुर), उपविजेता- शिवाय मेघानी (बिलासपुर) 3-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्गः- विजेता - इशी मिश्रा (रायपुर), उपविजेता- करुणा बंजारे (बिलासपुर) 3-0 प्रतियोगिता में आज सीनियर पुरुष एकल वर्ग, यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर के मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें फायनल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों के परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग सेमीफायनल - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने राजीव साहू (रायपुर) को 4 -1 तथा विशाल डेकाटे (रायपुर) ने अरिंदम देबनाथ (रायपुर) को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

■ 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जारी

यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) को 3 -1 तथा आर्यन सिंह (रायपुर) ने रेयांश पाहवा (बिलासपुर)




को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (यूथ) बालिका वर्ग सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) ने लावण्या पांडे (रायपुर) को 3-2 तथा वेदी कछवाहा (रायपुर) ने सिया मेघानी (बिलासपुर) को 3-1 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग सेमीफायनल- हर्षवर्धन सिंह (बिलासपुर) ने राजदीप गांगुली (बिलासपुर) को 3-1 तथा शिखर बागडे (दुर्ग) ने अभिनव पीटर (रायपुर) को 3-2 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) ने सस्मिता माने (दुर्ग) को 3-0 तथा अक्षिता बीनू (बिलासपुर) ने इशी मिश्रा (रायपुर) को 3-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, अजीत बेनर्जी, पीएन मजूमदार हैं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख नरेश दुबे ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं प्रदीप जोशी उपस्थित थे।



## नरेश चैलेंजर्स, ब्रह्मविद, फिल फाइटर्स और मेट्स पैंथर्स अंतिम चार में पहुंचे



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा में छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग मुकाबलों के नौवें एवं अंतिम राउंड में पाँच मैच खेले गए। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने बतलाया कि पहले मुकाबले में स्वर्ण शिल्पी ब्लास्टर्स की टीम को डब्ल्यूओ के माध्यम से जीत घोषित की गई, क्योंकि इन्फिनिटी एफसी निर्धारित समय पर मैदान में उपस्थित नहीं हो सकी।

■ छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग जारी

दूसरे मुकाबले में ब्रह्मविद एफ सी ने विला एफसी को कड़े संघर्ष में 3–2 से हराया। ब्रह्मविद की ओर से अशोक 7 वे, भोले 40 वे और अरुण 41 वे मिनट ने शानदार गोल किए, जबकि विला एफसी की ओर से गौरव 8 वे और उदय ने 35 वे मिनट में गोल दागे। तीसरे मुकाबले में नरेश चैलेंजर्स ने बॉर्नियो एफसी को 1–0 से मात दी। टीम के लिए एकमात्र निर्णायक गोल मनीष ने 17 वे मिनट में किया। चौथे मुकाबले में फिल फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैट्स पैंथर्स को 3–1 से हराया। टीम के लिए प्रदीप ने 35 वे और 50 वे मिनट में दो और अमन ने 40 वे मिनट में एक गोल किया, जबकि मैट्स पैंथर्स की ओर से सोनेन्द्र 45 वे मिनट में गोल दागा। मुकाबलों का अंतिम मैच सराफत लायंस ने जेएसएफ क्लब को 3–0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम के लिए शिवम साहू चौथे मिनट में शुरुआती गोल किया, जिसके बाद श्रवण 21 वे एवं 22 वे मिनट में लगातार दो गोल दागकर टीम की बढ़त को अजेय बना दिया।

लीग मुकाबलों के पश्चात अंक तालिका में 19 अंकों के साथ नरेश चैलेंजर्स शीर्ष पर, ब्रह्मविद दूसरे, फिल फाइटर्स तीसरे और मेट्स पैंथर्स चौथे पर है। शनिवार 8 नवंबर को क्वालीफायर 1 एवं एलिमिनेटर के मैच, रविवार को क्वालियर 2 एवं 10 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## राहु का रत्न गोमेद धारण करने से पहले जानें सावधानी



रत्न शास्त्र वेद और ज्योतिष में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। रत्न शास्त्र के अनुसार, हर ग्रह का एक विशिष्ट रत्न होता है और इन रत्नों को धारण करने से ग्रहों के शुभ प्रभाव बढ़ सकते हैं और अशुभ प्रभाव कम हो सकते हैं।

### मेष राशि वाले न पहनें गोमेद रत्न

मेष राशि के स्वामी ग्रह मंगल है। मंगल को युद्ध का देवता भी कहा जाता है। इसीलिए मेष राशि वाले लोग आमतौर पर ऊर्जावान, साहसी और नेतृत्व करने वाले होते हैं। मंगल ग्रह उनके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, दृढ़ता और उत्साह भरता है। वहीं इस राशि के जातकों को भूलकर भी गोमेद रत्न पहनने से बचना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गोमेद रत्न का संबंध राहु ग्रह से है और मेष राशि वाले अगर इसे धारण करते हैं, तो अशुभ परिणाम मिल सकते हैं।

### कर्क राशि वाले न पहनें गोमेद रत्न

चंद्रमा को भावनाओं, मन, घर और परिवार का कारक माना जाता है। इसीलिए कर्क राशि के लोग भी भावुक, संवेदनशील और परिवार प्रेमी होते हैं। चंद्रमा का प्रभाव कर्क राशि पर बहुत गहरा होता है और यह उनके स्वभाव, व्यवहार और जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है। वहीं गोमेद रत्न अगर कर्क राशि के जातक धारण करते हैं, तो उनके जीवन में बाधाएं उत्पन्न हो सकती है। अगर आप रत्न धारण कर रहे हैं, तो पंडित जी से सलाह अवश्य लें।

कार्नर न्यूज

### काम के दवाब और स्ट्रेस से असहज महसूस होना स्वाभाविक प्रक्रिया

# अपनी वर्क और पर्सनल लाइफ के बीच ऐसे बनाकर रखिए बैलेंस, स्ट्रेस की हो जाएगी छुट्टी

पर्सनल लाइफ और वर्क के बीच बैलेंस बनाना बहुत जरूरी है। अक्सर काम के दवाब और स्ट्रेस से बहुत असहज महसूस होता है। यह व्यक्तियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करता है। ऐसे में, यहां पॉजिटिव बदलावों के साथ काम को मैनेज करने के कुछ टिप्स दिए गए हैं, जिसे आप भी फॉलो कर सकते हैं।

करियर में सफल होने की इच्छा हर व्यक्ति में होती है। हालांकि इसी सफलता के पीछे भागते-भागते कब हम काम और निजी जीवन के बीच की लकीर को मिटा देते हैं, पता ही नहीं चलता। इसका एहसास तब होता है, जब काम के चक्कर में हमारा निजी जीवन बुरी तरह से प्रभावित होने लगता है। इससे स्ट्रेस बढ़ता है और हम जाने-अनजाने कई बीमारियों का शिकार होते चले जाते हैं। स्ट्रेस और इसके कारण होने वाली बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि हम संतुलन बनाकर चलें। इसे मैनेज करने की कुछ टिप्स के बारे में आइए आर्टेमिस अस्पताल के प्रमुख मनोचिकित्सक और मानसिक स्वास्थ्य के डॉक्टर डॉ राहुल चंदोक से विस्तार से जानते हैं।



### सीमाएं तय करें

काम और निजी जीवन के बीच स्पष्ट सीमा तय करना जरूरी है। आपको यह निर्धारित करना चाहिए कि कौन सा समय काम का है और कौन सा समय बाकी कामों के लिए। जैसे ही इस सीमा में घालमेल होना शुरू होता है, सारा संतुलन बिगड़ने लगता है। वर्क फ्रॉम होम के मामले में यह और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि इसमें अक्सर लोग काम और निजी जीवन के बीच सीमा का ध्यान नहीं रखते। याद रखें, भले ही आप घर से काम करें, लेकिन आपके शरीर को ब्रेक की जरूरत होती है। इसलिए खुद को ब्रेक दें और निर्धारित समय में ही काम करने की कोशिश करें।

### टाइम मैनेज करना सीखें

टाइम को सही से मैनेज करना आपको स्ट्रेस से बचाता है। अगर आपका टाइम मैनेजमेंट सही न हो तो काम समय पर पूरा करना मुश्किल होता है। ऐसे में न केवल आपको ऑफिस टाइम के बाद भी काम करने की जरूरत पड़ती है, बल्कि काम पूरा न कर पाने का स्ट्रेस भी पीछा नहीं छोड़ता है। ऐसे में हर काम को पूरा करने का एक व्यावहारिक लक्ष्य तय करें और उसी सीमा के भीतर काम को पूरा करें। इससे अपने निजी समय में से आपको काम के लिए समय नहीं देना पड़ेगा।

काम और निजी जीवन के बीच संतुलन नहीं बना पाने की समस्या का सबसे ज्यादा सामना ऐसे लोगों को करना पड़ता है, जो अपने काम में दक्ष यानी इफिशिएंट नहीं होते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दिग्गज अदाकारा जून लॉकहार्ट ने उम्र की सदी पूरी कर आंख मूंद ली



हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। जून की मौत नेचुरल तरीके से बताई जा रही है।

जून का जन्म एक फिल्मी माहौल में हुआ था। पिता जीन लॉकहार्ट और मां कैथलीन लॉकहार्ट दोनों ही लोकप्रिय कलाकार थे। ऐसे माहौल में कला उनके लिए सांस लेने जैसा सहज थी। बचपन में ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें पर्दे पर अपनी पहचान बनानी है। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने करियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने जून को घर-घर पहुंचा दिया। लेकिन उनका सफर यहीं नहीं रुका। 'लोस्ट इन स्पेसर मैं उन्होंने एक ऐसी मां का रोल निभाया। उनके अभिनय की सहजता और भावनाओं की गहराई ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमर कर दिया। जून लॉकहार्ट ने 'वैगन ट्रेन', 'गन्समोक', 'शी-वुल्फ ऑफ लंदन' और 'रॉहाइड' जैसे अनगिनत मशहूर टीवी शो में काम किया। अपने हर किरदार के साथ वो फैंस की चहेती बन गई। उनके परिवार ने बताया कि जून अपने जीवन के आखिरी दिनों तक बेहद खुशमिजाज रहीं। जून लॉकहार्ट का जाना हॉलीवुड के एक युग का अंत है। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्होंने दर्शकों को भावनाओं की दुनिया से जोड़ दिया। उनकी मुस्कान में ममता थी, आंखों में कहानियां थीं और उनकी हर अदाकारी में जिंदगी की सच्चाई झलकती थी।

### टॉलीवुड

## दुलकर सलमान की फिल्म का गाना 'रेज ऑफ कांथा' रिलीज, योगी बी ने किया रैप



निर्देशक सेल्वामणि सेल्वराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांथा' के निर्माताओं ने 30 अक्तूबर को फिल्म के जो शी ले टाइटल ट्रैक 'रेज ऑफ कांथा' को रिलीज कर दिया। जिसे लेकर दुलकर सलमान के फैंस काफी उत्साहित हैं।

दुलकर सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'कांथा' का टाइटल ट्रैक जारी किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'आपके भीतर की आग अब एक उग्र साउंडट्रैक है। 'रेंज ऑफ कांथा' वीडियो अभी जारी।' 'रेज ऑफ कांथा' गाना झानू चंथर ने बनाया है। यह गाना दो भाषाओं में है। गाने में तेज बीट्स, जोरदार गिटार और अच्छे बोल मिलकर पुराने अंदाज को नए अंदाज में पेश किया गया हैं। फैंस को यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म का गाना 'रेज ऑफ कांथा' में योगी बी ने रैप किया है।

'कांथा' एक पुराने समय की ड्रामा थ्रिलर फिल्म है। इसमें दुलकर सलमान, समुथिरकानी और भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिकाओं में हैं। सेल्वमणि सेल्वराज ने इसे निर्देशित किया है। फिल्म इस साल 14 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्पिरिट मीडिया और वेफरर फिल्म्स के तहत राणा दग्गुबाती, दुलकर सलमान, प्रशांत पोटलुरी और जोम वर्गीस ने इसे बनाया है।

### भोजपुरी

## रानी के हाथ लगी एक और फिल्म पूजा-मुहूर्त के साथ शुरू की शूटिंग



अभिनेत्री रानी चटर्जी के लिए यह साल शानदार रहा है। बैक टू बैक उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग की है। अब एक और फिल्म उनकी झोली में गिरी है। भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी ने 03 नवंबर को अपना 36वां जन्मदिन मनाया। बर्थडे सेलिब्रेशन के बाद वे तुरंत वर्क मोड पर एक्टिव हो गई हैं। आज बुधवार से उन्होंने एक नई भोजपुरी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का टाइटल है, 'यू पी वाली बिहार वाली'। रानी ने फिल्म के मुहूर्त की झलकियां शेयर की हैं। अभिनेत्री रानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जो फिल्म के मुहूर्त का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रानी चटर्जी फिल्म की कास्ट और क्रू के साथ पूजा में हिस्सा ले रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'नई फिल्म की शुरूआत मेरी पसंदीदा टीम के साथ। 'यू पी वाली बिहार वाली', बहुत प्यारी कहानी और किरदार, जिसमें मेरे सह कलाकार संजना प्रशांत आलोक हैं। फिल्म के निर्देशक मंजुल जी हैं और फिल्म के निर्माता है संदीप जी मंजुल जी। रानी की इस फिल्म का टाइटल काफी दिलचस्प है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें यूपी और बिहार दोनों की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी भी शायद इसी पर आधारित हो।

लाइफ



**मिडनाइट ब्लू का जादू**

इस सीज़न के शरद और शीतकालीन कलेक्शन में मिडनाइट ब्लू का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। इसे ऊनी कोट, कॉटन-ब्लेंड ट्रेंच कोट और पॉपलिन कॉटन कम्यूटर शर्ट जैसे परिधानों में शामिल किया गया है, जो इसे लेटेस्ट ट्रेंड में शामिल करता है। केप-स्टाइल स्वेटर सेट में शामिल होने या चमड़े और धातु की सजावट के साथ पहनने पर यह एक सुरुचिपूर्ण और शानदार एहसास देता है।

## सफेद स्नीकर हो गए हैं गंदे तो इन आसान तरीकों से बनाएं चमकदार

सफेद स्नीकर आजकल का फैशन हैं और सभी पर अच्छे लगते ही हैं। फैशन को लेकर थोड़ा भी एक्टिव हैं तो ये जूते आपके पास होंगे ही। लेकिन ये जूते पहनने में जितने सुंदर लगते हैं, गंदे होने पर उन्हें साफ करना उतना ही कठिन हो जाता है। पहले जैसी चमक लाना तो मानिए कि असंभव ही लगता है। लेकिन घर पर ही कुछ ऐसे नुस्खे आजमाए जा सकते हैं, जिनके साथ ये जूते पहले की तरह ही चमकदार ही जाएंगे। नेल पेंट रिमूवर सफेद स्नीकर को साफ करने का ये एक आसान तरीका है। नेल पेंट रिमूवर इस्तमाल करने के लिए रुई को नेल पेंट रीमूवर में भिगो दें। इसे स्नीकर के दाग-चब्बों पर रगड़ें। दाग धब्बे साफ हो जाएंगे। आपके दांतों को साफ रखने वाला टूथपेस्ट आपके स्नीकर्स को भी सफेद रख सकता है। जूतों को गीले कपड़े से साफ कर लें। अब दाग धब्बों पर टूथपेस्ट लगा दें। सर्कुलर मोशन में ब्रश से टूथपेस्ट 10 मिनट तक रगड़ें। जूतों को साफ कर लें। अब जूतों को खुले में सूखने दें। टूथपेस्ट जेल वाला नही होना चाहिए, याद रखिए।

बेकिंग सोडा और विनेगर के इस्तेमाल से जूते दिखने में तो चमकदार हो जाते हैं। इनकी एंटीबैक्टिरियल खासियतें जूतों को अंदर से साफ कर देती हैं। जूतों से बदबू का खत्म भी इनके साथ किया जा सकता है। इसके लिए आधा कप विनेगर में एक चौथाई बेकिंग सोडा मिला लें और फोम वाला मिक्सचर बना लें। अब इस मिश्रण को जूतों पर रगड़ें और अगले 30 मिनट तक जूतों को सूखने दें। अब इन्हें धो लें।



नींबू के रस का सिट्रिक एसिड सफेद स्नीकर्स को अच्छे से साफ कर देता है। इनकी बदबू को भी ये साफ करता है। इसके लिए नींबू का रस ठंडे पानी में मिला लें। अब एक कपड़े को इस पानी में भिगोकर निचोड़ें और दागों पर रगड़ें। साबुन और पानी का पुराना तरीका भी आपके सफेद स्नीकर्स को अच्छे से साफ कर देगा। इसके लिए किसी भी लिक्विड सोप को हल्के गरम पानी में मिलाएं। इसमें जूतों को भिगो दें और कुछ देर बाद दागों को रगड़ें और धो दें।

## सर्दी में रंगों के ये शेड देंगे आपको बेस्ट लुक, आप भी इन्हें आजमाएं



सर्दी के मौसम में बेस्ट लुक पाने के लिए रंगों का चुनाव भी बेस्ट करना होता है। रंगों का ये चुनाव महंगे कपड़ों में आपका लुक बेस्ट दिखाने के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए सिर्फ काले, भूरे रंगों में कपड़े पहनने से अच्छा है कि कुछ प्रयोग करें और फैशन टिप्स को ध्यान में रखते हुए ही कपड़ों के रंग चुनें-

### स्किन टोन को पहचानें



कपड़ों के रंग चुनने के लिए जरूरी है कि आपको अपनी स्किन टोन पता हो। स्किन टोन के हिसाब से चुने गए रंगों का लुक बहुत अच्छा आता है। फोरआर्म को देखें। क्या ये काफी सफ़ेद हैं तो आप गाढ़े रंग ही चुनें। अगर स्किन डार्क है तो इस पर हल्के रंग पहनना ज्यादा बेहतर होता है।

### गाढ़े रंगों के साथ ब्राइट कलर



ये एक बहुत ही सामान्य नियम है कि गाढ़े रंगों के साथ ब्राइट रंग और ज्यादा ब्राइट लगते हैं। इसलिए काली जींस के साथ अगर आप हल्के पीले रंग की शर्ट भी पहनेंगे तो ये रंग अलग से दिखेगा। इसकी जगह आप ऐसे ब्राइट रंगों के साथ नेवी या ग्रे कलर पहनें तो कलर बैलेंस बना रहेगा।

### फैब्रिक कौन सा है

रंगों का चुनाव करते हुए ये भी देखना होता है कि उनमें मटेरियल कौन सा इस्तेमाल हुआ है। कोई रंग पॉलियस्टर पर अलग दिखेगा तो कॉटन पर अलग।

हो सकता है आप जिस मटेरियल पर वो रंग चुन रहे हों, वो उस पर न अच्छा लगे। नेचुरल मटेरियल जैसे कॉटन पर डाई किए हुए रंग बेहतर लगते हैं। ।

### सीजन के हिसाब से ड्रेसिंग

कपड़ों को सीजन के हिसाब से भी पहना जा सकता है। जैसे सर्दी में अपनी पसंद के रंगों के गाढ़े शेड इस्तेमाल में लाएं। जैसे गर्मी में आप लाल के शेड पहन लेते हैं तो सर्दी में बरगंडी आप पर अच्छा लगेगा।

## बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो उठाएं ये कदम

का जरूर रखें ध्यान, वरना बिगड़ जाएगा लुक बालों को अलग रंग से हाइलाइट कराने पर ना सिर्फ लुक बदल जाता है, साथ ही इससे आपकी पर्सनेलिटी में भी बदलाव होता है। हाइलाइट्स की वजह से बालों में अतिरिक्त चमक भी आ जाती है। बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों। बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है



लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं। ध्यान रखें कि अगर आप एक बार बालों को हाइलाइट करा लेंगे तो आपको सल्फेट वाले शैंपू से दूर रहना होगा। हाइलाइट कराने के बाद हमेशा अच्छी क्वालिटी के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

## फलों से करें फेशियल, निखर उठेगा चेहरा

त्यौहारों के इस मौसम में आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में जानना चाहिए जिनके इस्तेमाल से आपके चेहरे की चमक बरकरार रहेगी। इन फलों से अगर आप फैसपैक बनाएंगे तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे कम होंगे और त्योहारों में आपका चेहरा भी खिला-खिला रहेगा।

पपीते में मौजूद तत्व आपकी त्वचा से डेड स्किन को खत्म करते हैं। इसका पैक बनाने के लिए सबसे पहले पपीते के 2 टुकड़े लेकर मैश करें और उसमें एक चम्मच शहद डालकर मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

संतरे में विटामिन सी के साथ-साथ कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक बरकरार रखते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल के लिए आप 3 चम्मच संतरे के छिलकों का पाउडर लेकर उनमें एक चम्मच दही और एक चम्मच शहद एक कटोरी में मिलाएं। इससे इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा।

केले में पाए जाने वाले तत्व जिस तरह से शरीर को फायदा पहुंचाते हैं, ठीक उसी तरह के उससे बना पैक आपके चेहरे को चमका सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले आधे केले में आधा चम्मच ही हल्दी और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएं। कुछ समय के बाद चेहरा साफ कर लें।



इसका फेसपैक बनाकर आप अपने चेहरे को चमका सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले 4-5 स्ट्रॉबेरी पीस लें। इसके बाद अब एक चम्मच में कोकोआ पाउडर और एक चम्मच शहद डालकर पेस्ट बना से लें। अब इसे चेहरे पर 15 से 20 मिनट लगाएं और फिर चेहरा धो लें। खीरे में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट करते हैं। ऐसे में आप खीरे का फेसपैक बनाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट रहेगा।

**कार्नर न्यूज**

**स्पॉन्ज इस्तेमाल करते हुए छोटी-छोटी गलतियों से बचें**


## महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से रोकता है स्पॉन्ज, सावधानी से कीजिए इसका इस्तेमाल

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए।

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन



होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर (रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

### बहुत गर्म पानी से धोना

ऐसा माना जाता है कि गर्म पानी से स्पॉन्ज को क्लीन करने से उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। लेकिन अगर आप इस चक्कर में बहुत अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्पॉन्ज को नुकसान होता है। यहां तक कि इससे उसका टेक्सचर भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि आप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। स्पॉन्ज काफी सॉफ्ट होता है और इसलिए जब इसे बहुत जोर से रब किया जाता है तो इससे स्पॉन्ज फट सकता है या फिर खराब हो सकता है। इसलिए, आप स्पॉन्ज को जोर से ना रगड़े।

